प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

ईरान युद्ध के बाद एक नया युग पेज- 2

सोते समय युवक को अज्ञात ने मारी गोली पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 127 | मंगलवार 28 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्याः एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025-27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रुपया

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शिमला पहुंचीं, 6 दिन के ग्रीष्मकालीन प्रवास पर रहेंगी

(एजेंसी) शिमला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार को छह दिवसीय ग्रीष्मकालीन अवकाश पर शिमला पहुंच गईं। राष्ट्रपति का हेलीकॉप्टर शिमला के निकट छराबड़ा हेलीपैड पर उतरा, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, राज्यसभा सांसद सुरेश कश्यप, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया समेत सेना और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सेना की ओर से आरट्रेक के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने भी राष्ट्रपति का स्वागत किया। शिमला पहुंचने के बाद राष्ट्रपति सीधे मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास के लिए रवाना हो गईं, जहां वे अपने प्रवास के दौरान ठहरेंगी। इस दौरान वह विभिन्न प्रशासनिक, शैक्षणिक और सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति के सम्मान में मंगलवार को राजभवन स्थित लोक भवन में औपचारिक भोज का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश के गणमान्य लोग शामिल होंगे। अपने हिमाचल दौरे के दौरान राष्ट्रपति का अटल टनल रोहतांग जाने का कार्यक्रम है। इसके अलावा वह चौधरी श्रवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के दीक्षांत समारोह में भाग लेंगी और शिमला स्थित आरट्रेक के एक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगी।



# बैरकपुर रैली में गरजे पीएम मोदी

## कहा- अंग-बंग-कलिंग देश की समृद्धि का आधार, 4 मई के बाद फिर आऊंगा बंगाल

(एजेंसी) बैरकपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बैरकपुर में शविजय संकल्प रैलीश को संबोधित करते हुए कहा कि जब भारत समृद्ध था, तब अंग, बंग और कलिंग क्षेत्र देश की शक्ति और समृद्धि के मुख्य आधार थे। आज भी इन क्षेत्रों को मजबूत बनाने से ही देश विकसित भारत बन सकता है।पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल की जनता के साथ उनका गहरा भावनात्मक जुड़ाव है। यहां के लोग उन्हें परिवार की तरह अपनाते हैं। उन्होंने घोषणा की, 4 मई को चुनाव के नतीजे आने के बाद भाजपा की शपथ ग्रहण समारोह में मैं फिर बंगाल आऊंगा।ष प्रधानमंत्री ने बैरकपुर की ऐतिहासिक भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि यह जगह 1857 के स्वतंत्रता संग्राम का महत्वपूर्ण केंद्र रही है और आज भी परिवर्तन की नई ऊर्जा का स्रोत बनी हुई है। उन्होंने बताया कि राजनीति में आने के बाद उन्होंने कभी समय या मौसम नहीं देखा, सिर्फ जनता की सेवा को प्राथमिकता दी। रैली में पीएम मोदी ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि टीएमसी ने अपने पुराने नारे ष्मां—माटी—मानुषष को भुला दिया है। राज्य में महिलाओं की सुरक्षा और किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के राज में सिंडिकेट की फैक्टरियां चल रही हैं और यह महा जंगलराज है। मोदी ने जोर देकर कहा कि इस बार का पश्चिम बंगाल चुनाव सिर्फ बंगाल का नहीं, बल्कि पूरे पूर्वी भारत के भविष्य को तय करेगा। उन्होंने कहा, टीएमसी के पास बंगाल के विकास का कोई रोडमैप नहीं है। हमें टीएमसी को हराना ही होगा और यहां जनता जनार्दन का राज स्थापित करना होगा। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने भावुक होते हुए कहा कि बंगाल की सेवा करना, उसे चुनौतियों से बचाना और उसे मजबूत बनाना उनका कर्तव्य है। वे इस जिम्मेदारी से कभी पीछे नहीं हटेंगे।उन्होंने याद दिलाया कि यही बंगाल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की राजनीतिक नींव वाला क्षेत्र है, जिनकी प्रेरणा से भाजपा आगे बढ़ रही है। अनुच्छेद 370 हटाना भी उन्हीं के एक संकल्प को पूरा करना था।



# नायब सिंह सैनी ने महिला सशक्तिकरण पर प्रस्ताव रखा

## -कांग्रेस रही सदन से अनुपस्थित, मॉक सत्र किया

(एजेंसी) चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को महिला सशक्तिकरण को लेकर अहम प्रस्ताव पेश किया गया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में इस प्रस्ताव को पेश करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। दिनभर चलने वाले इस विशेष सत्र की शुरुआत कांग्रेस के बहिष्कार के साथ हुई। मुख्य विपक्षी दल का कोई भी विधायक कार्यवाही में शामिल नहीं हुआ। हालांकि निलंबित कांग्रेस विधायक जरनैल सिंह सदन में पहुंचे, लेकिन राष्ट्रीय गीत के बाद तुरंत बाहर चले गए। सरकार की ओर से लाए गए प्रस्ताव में विपक्ष की भूमिका की आलोचना की गई, खासतौर पर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को समर्थन न देने को लेकर। यह अधिनियम महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़ा है। पंचायत एवं विकास मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कांग्रेस की अनुपस्थिति पर तंज कसते हुए कहा कि यह महिलाओं के मुद्दों के प्रति उनकी गंभीरता को दर्शाता है। गौरतलब है कि हाल ही में लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026 पारित नहीं हो सका, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से लाया गया था। इसे आवश्यक दो—तिहाई बहुमत नहीं मिल पाया, जिससे सियासी माहौल गरमा गया है। इसके बाद भाजपा ने विपक्ष पर हमले तेज कर दिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी देश की महिलाओं को संबोधित करते हुए विधेयक पारित न हो पाने पर खेद जताया था। फिलहाल, इस मुद्दे को लेकर हरियाणा समेत देशभर में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। कांग्रेस ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र का बहिष्कार करने के बाद विधानसभा के बाहर अलग से मॉक सत्र आयोजित किया। बेदी ने कहा कि विपक्ष सदन परिसर में नजर आया, लेकिन कार्यवाही से भाग गया। उन्होंने कहा कि इसकी निंदा का प्रस्ताव लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष बिखरा हुआ है और सदन का सामना करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता महिलाओं से जुड़े मुद्दे उठाते हैं, लेकिन केवल ट्वीट तक सीमित रहते हैं और महिलाओं का सामना नहीं कर पाते। तीन विधायक शैली चौधरी, रेनू बाला और जरनैल सिंह सदन से बाहर चले गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र में विपक्ष का रवैया यहां भी दिख रहा है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। सैनी ने कहा कि महिलाओं ने उन्हें वोट दिया है, जबकि कांग्रेस 55 वर्षों तक सत्ता में रही। उन्होंने विपक्ष की अनुपस्थिति की निंदा की और कहा कि सभी को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर महिला सशक्तिकरण का समर्थन करना चाहिए। उन्होंने इसे राजनीतिक प्रस्ताव नहीं, बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता बताया। सैनी ने कहा कि विपक्ष यहां भी अनुपस्थित है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन महिलाओं के भविष्य के साथ खेल रहे हैं और उनका बहिष्कार इस मुद्दे के प्रति उनकी उदासीनता दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था कि सभी नेताओं को सर्वसम्मति से इसका समर्थन करना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने इसे विफल करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा में उनकी भूमिका और महिलाओं के प्रति उनका रवैया स्पष्ट है। सैनी ने कहा कि विपक्ष को सदन में आकर भाग लेना चाहिए था और यदि इंडिया गठबंधन सहमत होता तो यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हो सकता था। भूपेंद्र हुड्डा ने घोषणा की कि कांग्रेस अलग से मॉक विधानसभा सत्र आयोजित करेगी। कांग्रेस विधायक दल के मुख्य सचेतक बीबी बत्रा ने कहा कि भाजपा हमेशा सत्ता में बने रहना चाहती है और महिलाओं को आरक्षण देने की उसकी कोई मंशा नहीं है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा नहीं हो सकती क्योंकि यह केंद्र का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण के बहाने परिसीमन थोपने की कोशिश की जा रही है।कांग्रेस विधायक दल ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र का बहिष्कार करने का फैसला किया। सीएलपी नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा सरकार संसद में महिला आरक्षण विधेयक के खिलाफ मतदान करने के लिए इंडिया गठबंधन की निंदा का प्रस्ताव लाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रस्ताव की कोई प्रति साझा नहीं की गई। हुड्डा ने बताया कि सभी कांग्रेस विधायक अनुपस्थित रहेंगे और टीए,डीए भी नहीं लेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विधानसभा मंच का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए करना चाहती है। हालांकि निलंबित कांग्रेस विधायक रेनू बाला और शैली चौधरी कार्यवाही में शामिल हुईं। सैनी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही हैं। उन्होंने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, महिला थाने और दुर्गा शक्ति ऐप का जिक्र किया, जो महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान अब महिला आरक्षण तक पहुंच चुका है। सैनी ने कहा कि 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार संभाली थी, तब लिंगानुपात 871 था, जो अब बढ़कर 928 हो गया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला सशक्तिकरण पर प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि जब तक आधी आबादी सशक्त नहीं होगी, तब तक राज्य और देश को पूर्ण विकसित नहीं माना जा सकता। उन्होंने झांसी की रानी के योगदान का जिक्र किया और हरियाणा की महिला खिलाड़ियों की उपलब्धियों को प्रेरणादायक बताया। राज्य सरकार ने एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाया है, जिसमें हरियाणा क्लेरिकल सर्विसेज भर्ती एवं सेवा शर्त विधेयक, 2026 पेश किया जाना प्रस्तावित है। इस विधेयक का उद्देश्य विशेष रूप से ग्रुप—डी कर्मचारियों के लिए करियर उन्नति के अवसरों को बेहतर बनाना है।



## एससीओ बैठक में हिस्सा लेंगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, किर्गिजस्तान के बिश्केक में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

(एजेंसी) नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ मंगलवार को किर्गिजस्तान के बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में एक उच्च—स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। बैठक के दौरान विभिन्न सदस्य देशों के रक्षा मंत्री क्षेत्र की रक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े अनेक मुद्दों पर विचार—विमर्श करेंगे। अंतरराष्ट्रीय शांति, आतंकवाद—रोधी प्रयासों तथा एससीओ सदस्य देशों के बीच रक्षा सहयोग से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। इस वर्ष की एससीओ बैठक पश्चिम एशिया की स्थिति के कारण उत्पन्न हो रही भू—राजनीतिक अस्थिरता की पृष्ठभूमि में आयोजित हो रही है। क्षेत्र के सबसे बड़े राजनीतिक एवं आर्थिक संगठनों में से एक एससीओ इस संघर्ष के प्रभाव को कम करने के उपायों पर भी चर्चा कर सकता है। रक्षा मंत्री वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों के बीच वैश्विक शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करेंगे और आतंकवाद एवं उग्रवाद को कतई बर्दाश्त न करने के भारत के दृढ़ रुख को दोहराएंगे। बैठक के दौरान श्री सिंह कुछ भाग लेने वाले देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी कर सकते हैं। एससीओ एक अंतर—सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना 15 जून, 2001 को चीन के शंघाई में हुई थी। इसके सदस्य देशों में भारत, रूस, चीन, कजाखस्तान, किर्गिजस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान और बेलारूस शामिल हैं। भारत 2017 में इसका पूर्ण सदस्य बना और 2023 में इसकी अध्यक्षता संभाली।



## ममता बनर्जी के पैसे देकर भीड़ जुटाने के आरोप को अमित शाह ने बताया बेबुनियाद

### बोले-आप भी किसकी बात सुन रहे हो

(एजेंसी) बेहाला पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण के तहत 142 सीटों पर होने वाली वोटिंग को लेकर सोमवार शाम चुनाव प्रचार को शोर थम जाएगा। इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में बेहाला पश्चिम में आयोजित रोड शो में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि बंगाल के आखिरी चरण का मतदान नया इतिहास बनाएगा। हर एक वोट परिवर्तन की मजबूत नींव रखेगा और बंगाल में कमल खिलेगा। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा लगाए गए इस आरोप पर कि भाजपा अपनी रैलियों में भीड़ बढ़ाने के लिए पैसे देकर बाहरी राज्यों से समर्थक ला रही है, पर प्रतिक्रिया दी। आईएएनएस से बातचीत के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा, पहले आप रोड शो में इस भीड़ को देखिए, क्या इतनी भीड़ बाहर से आ सकती है? ममता बनर्जी जो आरोप लगा रही हैं, उसमें जरा सी भी सच्चाई नहीं है। उनकी बातों को नहीं सुनना चाहिए। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, "क्या यार, आप भी ममता बनर्जी की बात सुन रहे हो। दरअसल मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के 5 अप्रैल को कहा था कि भाजपा अन्य राज्यों से लोगों को लाकर और पैसे देकर रैलियों में भीड़ जुटा रही है, ताकि चल रहे विधानसभा चुनावों को प्रभावित किया जा सके। चुनाव के दौरान भाजपा—टीएमसी के कार्यकर्ताओं के बीच भिड़ंत को लेकर अमित शाह ने कहा कि कहीं भिड़ंत नहीं हो रही है। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो रहा है। बंगाल को जो लोग जानते हैं, वे जानते हैं कि पूर्व के चुनावों में कैसे हिंसा होती थी। इस बार शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव हो रहा है। अमित शाह ने कहा कि हम बंगाल में प्रचंड बहुमत से चुनाव जीतने जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण की 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान संपन्न हो चुका है और वोटिंग प्रतिशत 92 प्रतिशत के पार रहा है। इस दौरान कुछ जगहों पर छिटपुट हिंसा की खबरें भी सामने आई थीं। अब 29 अप्रैल को दूसरे चरण के तहत 142 सीटों पर मतदान होना है। सोमवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है और इसे देखते हुए सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।




## आम आदमी पार्टी का वर्क वातावरण जहरीला हो गया था-इसलिए छोड़ दिया साथ : राघव चड्ढा

(एजेंसी) नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) छोड़कर भाजपा में शामिल हुए राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने अपने समर्थकों को, उनके उस सवाल जवाब दिया है—जिसमें वो पार्टी छोड़ने का कारण पूछ रहे हैं। राघव ने कहा कि, ष्आप जिस संस्थान—कंपनी में सर्विस कर रहे हैं, वहां आपको काम न करने दिया जा रहा हो, वातावरण जहरीला हो जाए तो आप क्या करेंगे? मेरे ख्याल से उस जगह को छोड़ देना चाहिए। मैंने भी वही किया, क्योंकि मुझे लगातार काम करने से रोका जा रहा था। राघव ने समर्थकों को जारी वीडियो संदेश में कहा कि, मैं राजनीति में करियर बनाने नहीं आया था। मैं चार्टर्ड एकाउंटें था और अपना सुनहरा करियर छोड़कर आप ज्वॉइन की। अपनी जवानी के 15 साल पार्टी को दिए। लेकिन अब जब मैंने महसूस किया कि ये वो पार्टी नहीं है, जिसके लिए मैंने अपना करियर छोड़ा। पार्टी पर चंद भ्रष्ट लोगों का कब्जा है। उन्होंने कहा कि मैंने अकेले पार्टी नहीं छोड़ी है, बल्कि मेरे साथ छह और सांसदों ने इस्तीफा दिया है। उन्होंने अपने फैसले पर सफाई देते हुए कि एक आदमी ने ये निर्णय लिया होता तो शायद वो गलत हो सकता था। लेकिन यहां एक साथ सात लोगों ने पार्टी छोड़ी है। सब तो गलत नहीं हो सकते हैं, या फिर इससे पहले भी बहुत लोगों ने आम आदमी पार्टी छोड़ी है। क्या वो सब गलत थे, नहीं! पार्टी पथभ्रष्ट हो गई है। जनता के मुद्दों को लेकर राघव ने कहा कि आप लोग लगातार ये प्रश्न पूछ रहे कि, क्या आगे भी मैं आम इंसान के मुद्दे वैसे ही उठाता रहूंगा। निश्चिंत रहिए मैं हमेशा आम इंसान के मुद्दों पर उतनी ही मुखरता से सदन में बोलता रहूंगा और शायद अब हम उनके समाधान के बारे में भी फैसला कर पाएंगे।



# सम्पादकीय

## ब्रजभूषण शरण सिंह के बाग़ी तेवर

भाजपा सांसद के पूर्व ब्रजभूषण शरण सिंह किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। मैं नफीस जाफरी यहां आपको यह बता दूं कि पिछले 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा की ओर से उन्हें टिकट क्यों नहीं मिला, यहां पर वह नए सिरे से दोहराने की जरूरत नहीं है। और न ही यहां उनके राजनीतिक रसूख को बताने की जरूरत भी नहीं है। लेकिन यह जरूर है कि वे आहत है यही कारण है कि उनके बिहार दौरे के दौरान वे अपनी तल्खी का छिपा नही पाए। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश के कैसरगंज से भाजपा सांसद रहे ब्रजभूषण शरण सिंह लगता है बागी तेवर अपनाए हुए हैं। उनका हालिया बयान से सियासत गरमा गई है। पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बिहार के भागलपुर में आयोजित बाबू वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव के मंच से अपनी ही सरकार और मौजूदा राजनीतिक हालात पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने भरे मन और चुनौती भरे लहजे में कहा कि आज सरकार की नजरों में उनका और उनके समाज का कोई अस्तित्व नहीं बचा है। अपनी वाणी को और तल्ख करते हुए ब्रजभूषण शरण सिंह ने भरे मंच से कहा, अगर किसी को लगता है कि हम भार बन चुके हैं, तो बस एक बार कह दें कि हमारी जरूरत नहीं है। चाहे 2027 हो या 2029 का चुनाव, हम अपनी उपयोगिता साबित करके दिखा देंगे। उन्होंने क्षत्रिय समाज को एकजुट होने का आह्वान करते हुए आत्ममंथन की सलाह भी दी। साथ ही नाराजगी जताते हुए कहा कि यह हमारी चुप्पी का नतीजा है कि आज हमें तवज्जो नहीं दी जा रही है।



नफीस जाफरी

यहीं नहीं उन्होंने इतिहास और संविधान निर्माण के श्रेय पर भी सवाल उठाए। बृजभूषण के अनुसार, संविधान केवल बाबा साहब ने नहीं बल्कि 242 सदस्यों वाली सभा ने बनाया था, जिसमें बिहार का सबसे बड़ा योगदान था जिसे भुला दिया गया। आजादी का जिक्र करते हुए उन्होंने तंज कसा कि साबरमती के संत वाले नारे ने झांसी की रानी, कुंवर सिंह और बिरसा मुंडा जैसे महान क्रांतिकारियों के बलिदान को पर्दे के पीछे धकेल दिया। अपने खिलाफ हुए विवादों को विश्वव्यापी षड्यंत्र करार देते हुए उन्होंने रामधारी सिंह दिनकर की कविताओं और हनुमान चालीसा के जरिए अपना अटूट इरादा स्पष्ट किया। उन्होंने समाज से कहा कि अब समझाने का वक्त बीत चुका है, अब अपनी ताकत पहचानने और बल, बुद्धि, विद्या अर्जित करने का समय है। तलवार लेकर सम्मानित हुए पूर्व सांसद ने स्पष्ट कर दिया कि वीर कुंवर सिंह का अनुयायी झुकना नहीं जानता।

## कांग्रेस, सपा, डीएमके, तुड़मूल कांग्रेस,का परिसीमन बिल में विरोध कितना तार्किक?

अजय दीक्षित

परिसीमन का प्रावधान भारतीय संविधान में इस लिए किया गया था कि देश सभी नागरिकों को उनका अपना प्रतिनिधित्व मिल सके। किसी एक सीट पर किसी एक जाति का बर्चस्व न रहे इसलिए सीट की सीमा क्षेत्र की अहमियत से बदलती रहे । और समय समय पर आवादी के अनुपात में लोगों को प्रतिनिधित्व मिलता रहे। भारतीय संविधान यह भी कहता है कि इसको तय करने के लिए जनगणना को आधार बनाया जाए। पहली जनगणना 1951 में हुई और तभी जन प्रतिनिधित्व अधिनियम स्थापित हुआ उसके आधार पर पहले लोकसभा चुनाव 1952 में संपन्न हुआ। तत्कालीन समय में लोकसभा सीट संख्या 489 थी । उसके उपरांत 1971 की जनगणना के आधार लोकसभा सीट संख्या 520 करदी गई। जिनमें से 517के चुनाव होते हैं और तीन सदस्य मनोनीत होते हैं।1971 में देश की जनसंख्या 64 करोड़ थी लेकिन 2011 की जनगणना में 130 करोड़ हो गई। लेकिन लोकसभा की सीट संख्या 545 है।चुकी परिसीमन प्रस्तावित है तो सदन की संख्या भी बढ़नी चाहिए। इसलिए मोदी सरकार 850 संख्या करने के लिए 131संविधान संशोधन बिल सदन में लेकर आई लेकिन दो तिहाई बहुमत न जुटा सकी और बिल गिर गया। लोकसभा जो परिसीमन बिल आया उसमें कहा गया था लोकसभा की संख्या 850 होगी और इसमें से 35 सदस्य राज्यों से और 35 सदस्य केंद्रीय राज्यों जैसे दिल्ली, जम्मू कश्मीर,पांडिचेरी, दमन,द्वीप, नगर हवेली, अंडमान निकोबार, चंडीगढ़,से आएगी। उत्तर प्रदेश में 120 सर्वाधिक संख्या होगी प्रत्येक राज्य में पचास फीसदी सीट बढ़ेगी।इसी प्रकार राज्य विधानसभा क्षेत्र में भी पचास फीसदी सीट बढ़ेगी।इन सीटों में से 33 प प्रतिशत क्षेत्र महिलाओं को आरक्षित होंगी। महिलाओं को आरक्षित सीट में से अनुसूचित जाति,जनजाति का आरक्षण होगा। तथा लोकसभा क्षेत्र नए परिसीमित होगे।। अधिकतम जनसंख्या एक लोकसभा क्षेत्र बीस लाख होगी और न्यूनतम दो लाख। क्योंकि अंडमान निकोबार और नई दिल्ली सीट बहुत छोटी है। लेकिन कांग्रेस, सपा, डीएमके, तुड़मूल कांग्रेस किसी कीमत पर सम्बिधान संशोधन बिल पारित नहीं होने दे सकते थे क्योंकि मोदी सरकार के पास बहुमत है पर दो तिहाई नहीं है जो सम्बोधन संशोधन के लिए आवश्यक है। देश में 2024 में लोकसभा चुनाव हुए थे अभी चुनावों को दो वर्ष भी नहीं हुए हैं।अगला चुनाव 2029 में है ।तब तक कुछ नहीं होना ।सपा के नेता अखिलेश यादव ने सदन में कह दिया कि महिला को प्रधानमंत्री बना दे भाजपा तो भी हम ये बिल पारित नहीं करेंगे। दरअसल विपक्ष सरकार का रायता फैलाना चाहता है वह कह रहा है कि जब जनगणना जारी है तो उसकी फाइंडिंग आ जाने दो उसमें ओबीसी जातियां का भी समावेश होगा तो विपक्ष सरकार से लोकसभा, विधानसभा सीटों में से ओबीसी जातियां के आरक्षण की मांग रखेगा । बताया जाता है 53 फीसदी ओबीसी जातियां है।यानि पूरी लोकसभा आरक्षित हो सकती है क्योंकि 33 फीसदी महिलाएं,53 फीसदी ओबीसी, और 30 फीसदी अनुसूचित जाति, जनजाति, अंत में सर्वोच्च न्यायालय फैसला करेगा कि 50 फीसदी से अधिक सीट आरक्षित नहीं होंगी फिर विपक्ष आंदोलित हो सकता है। विपक्ष अब आर पार के मूड में है क्योंकि 15 वर्ष लगातार कोई प्रधानमंत्री नहीं रहा है। पंडित जवाहरलाल नेहरू भी 1947 से 1952 तक बिना चुनाव के प्रधानमंत्री रहे थे और 1952 से 57 ,,57 से 62 और 62 से 64 तक 17 वर्ष प्रधानमंत्री रहे । लेकिन मोदी सरकार 2014 से 29 तक 15 लगातार प्रधानमंत्री रहेंगे और यही स्थिति रही तो 2034 तक भी रह सकते हैं। विपक्ष को सोचना यह है कि अगर भारतीय जनता पार्टी सभी राज्यों सत्ता में बैठी जिसमें अभी बंगाल, तमिलनाडु शेष है। अगर बंगाल में जीत गई तो विपक्ष को राजनीतिक पराभव देखना पड़ेगा। बताया जाता है कि अब कांग्रेस, सपा,आप,बीजेडी, सीपीएम सीपीई, आरएसपी, आदि सभी पार्टियों को संसाधनों से भी झूझना पड़ रहा दूसरी भारतीय जनता पार्टी जैसी पार्टी है जिसके पास संसाधनों का कोई टोटा नहीं है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 42 संगठन तो पंजीकृत हैं।

# ईरान युद्ध के बाद एक नया युग



गुलफिशा खान

संयुक्त राष्ट्र विकास प्रमुख अलेक्जेंडर डी क्रू ने कहा कि ईरान युद्ध के प्रभावों के कारण 3 करोड़ से अधिक लोग गरीबी में धकेले जाएंगे। ये व्यवधान ऐसे समय में उत्पन्न हुए हैं, जब किसान फसलें बो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के प्रशासक ने रॉयटर्स को बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य से मालवाहक जहाजों के अवरुद्ध होने के कारण उर्वरक (खाद) की कमी और बढ़ गई है, जिससे .षि उत्पादकता पहले ही कम हो गई है। बेल्जियम के पूर्व प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि इससे इस वर्ष के अंत में फसल की पैदावार पर भी असर पड़ने की संभावना है। उन्होंने कहा, "कुछ ही महीनों में खाद्य असुरक्षा अपने चरम पर होगी – और इसके बारे में आप कुछ खास नहीं कर सकते।" उन्होंने ऊर्जा की कमी और गिरती हुई प्रेषण राशि सहित संकट के अन्य दुष्परिणामों का भी उल्लेख किया। उन्होंने आगे कहा, "भले ही युद्ध कल ही रुक जाए, लेकिन इसके प्रभाव पहले से ही मौजूद हैं, और ये 3 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी की ओर धकेल देंगे।" वहीं बात अब अमेरिका और चीन की तो मालूम हो कि खाली टैंकरों का एक विशाल बेड़ा चुपचाप पश्चिम की ओर मुड़ गया है। रिकॉर्ड संख्या में विशालकाय जहाज अब अमेरिका की ओर बढ़ रहे हैं, जहां तेल उत्पादक और रिफाइनरियां डोनाल्ड ट्रंप के मीडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध से लाभ कमाने की तैयारी कर रही हैं। इनमें से लगभग 30 जहाज, जिनमें से प्रत्येक में 20 लाख बैरल तेल समा सकता है, अमेरिकी कच्चे तेल को लोड करने के लिए अनुबंधित हैं, जो इतिहास के सबसे बड़े आपूर्ति संकट का सामना कर रहे वैश्विक बाजार के लिए भेजा जा रहा है। शेल क्रांति के बाद अमेरिका को शुद्ध ऊर्जा निर्यातक और दुनिया का सबसे बड़ा तेल और गैस उत्पादक बने पांच साल से कुछ अधिक समय हो चुका है। अब व्हाइट हाउस मीडिल ईस्ट के दशकों पुराने प्रभुत्व को समाप्त कर वैश्विक तेल बाजार में अपनी हिस्सेदारी को और मजबूत करने के लिए तैयार है। ईरान युद्ध शुरू होने से पहले की तुलना में अमेरिकी जलक्षेत्र में आने वाले जहाजों की संख्या हर महीने लगभग छह गुना ज्यादा हो गई है। वहीं अमेरिकी कच्चे तेल की आपूर्ति एक तिहाई बढ़कर रिकॉर्ड 5.2 मिलियन बैरल प्रतिदिन हो गई है। यूरोप को अमेरिका से जेट ईंधन का साप्ताहिक निर्यात दोगुना होकर सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है। इससे ये साबित होता है कि यह युद्ध वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था को नया रूप दे रहा है। मीडिल ईस्ट से आपूर्ति पर निर्भरता दुनिया को डराने लगी है और हरित ऊर्जा की ओर एक कदम को गति दे रहा है, जिससे नई ऊर्जा महाशक्तियों का उदय हो रहा है। दुनिया का पश्चिम की ओर मुड़ना वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के संभावित बदलाव और मीडिल ईस्ट के भविष्य के ऊर्जा प्रभुत्व के लिए सबसे बड़े खतरे का संकेत है। दशकों तक, सऊदी अरब के विशाल तेल भंडार ने इसे दुनिया का सबसे बड़ा कच्चे तेल का आपूर्तिकर्ता और पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) का वास्तविक नेता बना रखा था। कुछ ही हतों के ईरान युद्ध ने सऊदी अरब के कच्चे तेल उत्पादन का एक तिहाई हिस्सा खत्म कर दिया है। परामर्श फर्म रायस्टैड एनर्जी के विश्लेषकों के अनुसार, क्षेत्र के बंद पड़े तेल और गैस क्षेत्रों और ड्रोन हमलों से क्षतिग्रस्त बुनियादी ढांचे को फिर से शुरू करने में 34 अरब डॉलर (25 अरब पाउंड) से 58 अरब डॉलर तक का खर्च आने की उम्मीद है। उत्पादन को उसके पूर्व स्तर पर बहाल करने की प्रक्रिया में वर्षों लग सकते हैं, यदि यह संभव हो भी पाता है। एक गैर–लाभकारी संगठन पैसिफिक काउंसिल ऑफ इंटरनेशनल पॉलिसी के प्रमुख डंकन वुड ने कहा, मीडिल ईस्ट में हम जो देख रहे हैं वह केवल तेल और गैस आपूर्ति में व्यवधान नहीं है। कोई भी समझदार सरकार जोखिम को कम करने, स्वायत्तता बढ़ाने और ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने के तरीके खोज रही है। रायस्टैड एनर्जी की वरिष्ठ शोधकर्ता के अनुसार मीडिल ईस्ट संघर्ष ने तेल की कीमतों में उछाल से कहीं अधिक प्रभाव डाला है। दक्षिण अमेरिका अब विश्व के लिए अतिरिक्त आपूर्ति का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत बनकर उभरा है... ठीक उसी समय जब दुनिया वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रही है। ईरान युद्ध से पहले भी, रायस्टैड के विश्लेषकों ने ब्राजील, गुयाना और सूरीनाम के अपतटीय क्षेत्रों से तेल उत्पादन, साथ ही अर्जेंटीना के न्यूक्वेन बेसिन में स्थित वैक



shutterstock.com · 2689525465

मुएर्टा शेल संरचना को विश्व के जीवाश्म ईंधन उत्पादन में वृद्धि के प्रमुख स्रोत बताया था। अनुमान था कि ये देश मिलकर दशक के अंत तक लगभग 2.5 मिलियन बैरल प्रतिदिन का अतिरिक्त उत्पादन करेंगे, जो वैश्विक स्तर पर अनुमानित 5.6 मिलियन बैरल की वृद्धि का हिस्सा होगा। लेकिन रायस्टैड का कहना है कि अगर तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहती हैं, तो 2030 के दशक के मध्य तक दक्षिण अमेरिका में अतिरिक्त 2.1 मिलियन बैरल प्रतिदिन का कच्चा तेल उत्पादन संभव हो सकता है। एक अनुमान के अनुसार, वेनेजुएला 2035 तक अपने उत्पादन में 1 मिलियन बैरल प्रतिदिन की वृद्धि करने की राह पर है, लेकिन अगर एक्सॉनमोबिल, शेवरॉन और शेल जैसी बड़ी पश्चिमी तेल कंपनियां ट्रंप की देश के विशाल तेल भंडारों के दोहन की अपील को मान लेती हैं, तो यह वृद्धि काफी अधिक हो सकती है। अमेरिकी निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स ने भविष्यवाणी की है कि यह वृद्धि प्रतिदिन 2 मिलियन बैरल तक हो सकती है। लैटिन अमेरिकी अर्थव्यवस्था में हो रही वृद्धि से अमेरिकी रिफाइनरियों को पहले से ही आर्थिक लाभ मिल रहा है। यूरोप को भेजे जाने वाले लाभदायक अमेरिकी जेट ईंधन के शिपमेंट में आई तीव्र वृद्धि वेनेजुएला से आयातित तेल के कारण हुई है, जिसके पास दुनिया का सबसे बड़ा कच्चे तेल का भंडार है। दशकों की उपेक्षा के बाद, वेनेजुएला का तेल निर्यात निकोलस मादुरो के शासनकाल में 860,000 बैरल प्रतिदिन से बढ़कर जनवरी में उनकी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद से चार महीने से भी कम समय में 1.1 मिलियन बैरल से थोड़ा अधिक हो गया है। हालांकि, अभी भी होर्मुज जलडमरूमध्य के उम्मीद से पहले खुलने से अमेरिका के तेल उत्पादन में आई तेजी पर असर पड़ सकता है। तेल परामर्श कंपनी वुड मैकेंजी के निदेशक डायलन व्हाइट के अनुसार, यदि आने वाले महीनों में संघर्ष का समाधान हो जाता है, तो खाड़ी तेल उत्पादन एक वर्ष के भीतर पूरी तरह से बहाल हो सकता है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका से तेल उत्पादन में कोई भी अल्पकालिक वृद्धि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से हुए भारी नुकसान की तुलना में नगण्य थी। फिर भी, इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि मीडिल ईस्ट के उत्पादक बाजार में लौटेंगे और उन्हें पहले जैसी मांग मिलेगी। वुड मैकेंजी का मानना है कि ईरान संकट का ष्स्पष्ट विजेताष संभवतः चीन होगा। वहीं चीन लंबे समय से स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के प्रमुख घटकों, जैसे पवन टर्बाइन, सौर पैनल और बैटरी, की आपूर्ति श्रृंखलाओं पर हावी रहा है। बीजिंग की औद्योगिक क्षमता ने दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा आयातक को नवीकरणीय ऊर्जा बाजार का 60 प्रतिशत से 85 प्रतिशत हिस्सा हासिल करने में मदद की है, ऐसे समय में जब देश जीवाश्म ईंधन से दूर हटने की प्रक्रिया को तेज करने की तैयारी कर रहे हैं तो दुनिया के पहले विद्युत–आधारित राष्ट्र के रूप में, चीन जीवाश्म ईंधन पर प्रभुत्व स्थापित करने के व्हाइट हाउस के प्रयासों के विपरीत खड़ा है। यह देश नई ऊर्जा व्यवस्था के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, जलवायु और ऊर्जा थिंकटैंक एम्बर ने कहा, ष्चीन नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युतीकरण, विनिर्माण और नवाचार, घरेलू तैनाती और वैश्विक निर्यात में अपने नेतृत्व से रणनीतिक लाभ प्राप्त करता है। चीन केवल इलेक्ट्रोटेक हार्डवेयर का निर्माण नहीं कर रहा है, बल्कि वह एक ऐसे ऊर्जा भविष्य का निर्माण कर रहा है जिसमें उसकी अग्रणी स्थिति है। इस संकट के चलते स्वच्छ प्रौद्योगिकी का दुनिया का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता इन घटकों को रिकॉर्ड दरों पर बेच रहा है, क्योंकि देश जीवाश्म ईंधन का उपयोग पूरी तरह से बंद करने की तैयारी कर रहे हैं। एम्बर के वरिष्ठ विश्लेषक यूआन ग्राहम ने कहा, जीवाश्म ईंधन की कीमतों में आए झटकों से सौर ऊर्जा की मांग में तेजी आ रही है। सौर ऊर्जा पहले ही वैश्विक अर्थव्यवस्था का इंजन बन चुकी है, और अब जीवाश्म ईंधन की कीमतों में आए मौजूदा झटकों से इसकी गति और भी बढ़ गई है। ईरान संकट के पहले महीने में ही चीन की सौर प्रौद्योगिकी क्षमता का निर्यात दोगुना होकर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। 68 गीगावाट का निर्यात स्पेन की संपूर्ण सौर ऊर्जा क्षमता से भी अधिक था। जैसे–जैसे दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक जीवाश्म ईंधन संकट के खिलाफ हरित ऊर्जा क्रांति का नेतृत्व करने की तैयारी कर रहा है, वैश्विक ऊर्जा संकट के प्रभाव से उसकी अपनी ऊर्जा लागतें अधिकांश देशों की तुलना में अधिक सुरक्षित रहेंगी। बीजिंग ने चुपचाप वर्षों से गिरती तेल की कीमतों का फायदा उठाते हुए कच्चे तेल का रिकॉर्ड भंडार जमा कर लिया – जो अनुमानित 1.4 अरब बैरल है, जो जलडमरूमध्य के माध्यम से सात महीने के आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है – जबकि आयातित जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता को कम करने की योजनाओं को तेज कर रहा है। 2020 में, इसने 2025 तक सभी नई कार बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 20: तक करने का लक्ष्य रखा था। यह लक्ष्य कहीं अधिक हासिल किया गया– पिछले वर्ष सभी नए वाहन बिक्री में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी आधी थी. सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर नामक थिंकटैंक के अनुसार, अपने लक्ष्यों को पार करने से बचाए गए ईंधन की मात्रा लगभग उतनी ही है, जितनी चीन ने संकट से पहले सऊदी अरब से आयात की थी। ये वाहन एक ऐसी विद्युत प्रणाली द्वारा संचालित होंगे, जो मुख्य रूप से कोयले और उसके तेजी से बढ़ते हरित ऊर्जा उद्योग पर निर्भर है।

पश्चिम में अमेरिकी पेट्रोस्टेट्स के उदय और पूर्व में चीन के इलेक्ट्रोस्टेट भविष्य के बीच यूरोप के विकसित देश और एशिया और अफ्रीका की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाएं खड़ी हैं। ऊर्जा संकट का मतलब है कि देश आने वाले हतों और महीनों में अपनी ऊर्जा आपूर्ति सुरक्षित करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन कई देश दशकों आगे की भी सोच रहे हैं। चीन की सौर ऊर्जा में वृद्धि के कारण लगभग 50 देशों ने सौर ऊर्जा आयात के नए रिकॉर्ड बनाए, जिनमें से अधिकांश अफ्रीका और एशिया में थे। फरवरी की तुलना में अफ्रीका को निर्यात में 176: की वृद्धि हुई, जबकि एशिया को निर्यात दोगुना हो गया. इटली और पोलैंड सहित यूरोपीय संघ के देशों ने भी सौर ऊर्जा का रिकॉर्ड आयात किया। तेल और गैस संकट के समय सस्ती और सुरक्षित नवीकरणीय ऊर्जा के आर्थिक औचित्य को आसानी से समझा जा सकता है। जिन देशों में जीवाश्म ईंधन का पुराना बुनियादी ढांचा मौजूद है, उनके लिए अमेरिका से जीवाश्म ईंधन की नई आपूर्ति का आकर्षण हरित क्रांति को धीमा कर सकता है, यदि होर्मुज जलडमरूमध्य के फिर से खुलने से मीडिल ईस्ट से आपूर्ति फिर से शुरू हो जाती है। एम्बर ने कहा. "अगला दशक निर्णायक साबित होगा. नए विजेता और हारने वाले उभरेंगे। इस युग में फलने–फूलने की इच्छा रखने वाली कंपनियों और देशों को अपनी रणनीतियों पर उसी तरह से पुनर्विचार करना होगा जिस तरह से ऊर्जा प्रणाली स्वयं बदल रही है।"

# अमेरिका में ट्रंप के दुश्मन कौन?



फरीद वारसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर प्रोग्राम में हुई गोलीबारी को लेकर ट्रंप की सुरक्षा पर फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ट्रंप की सुरक्षा में सीक्रेट सर्विस एजेंट के सैकड़ों कमांडो तैनात होते हैं, इसके बाद भी यह हमला कैसे हो गया? घटना के तत्काल बाद ट्रंप को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। और जैसा कि उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर शनिवार देर रात वाशिंगटन हिल्टन के इंटरनेशनल बॉलरुम में जानलेवा हमला करने की कोशिश की गई। वो ट्रंप तक पहुंच पाता या हमला कर पाता, उससे पहले ही पकड़ा गया। ये ट्रंप पर तीसरी बार हमला हुआ है। सवाल है क्यों? अमेरिकी खुफिया एजेंसिया हमलावर से इस बारे में पूछताछ कर रही हैं। यूं तो अमेरिका के राष्ट्रपति के दुश्मन पूरी दुनिया में हैं, लेकिन अमेरिका में भी कम नहीं हैं। अमेरिका का इतिहास भी यही बता बताता है। जब–जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की नीतियों से अमेरिकी लोगों में उबाल आया है तो उन पर हमला हुआ है। यहां यह बताते चलें कि अमेरिका के अब तक 7 राष्ट्रपतियों पर हमला हो चुका है। इन हमलों में अमेरिका के 4 राष्ट्रपति की हत्या तक हो चुकी है। बचने वालों में फ्रैंकलिन डी रूजेवेल्ट, रोनाल्ड रीगन और डोनाल्ड ट्रंप हैं। जहां तक ट्रंप पर हुए हमले की बात है तो थॉमस मैथ्यू क्रुक्स नाम का 20 साल का युवक अमेरिका के ही पेंसिल्वेनिया के बेथेल पार्क का रहने वाला था। पेंसिल्वेनिया के बटलर में चुनावी रैली में शाम करीब 6–15 बजे उसने ट्रप पर हमला किया। क्रुक्स रैली स्टेज से करीब 130 गज दूर एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की छत पर था। उसने ।त्–15 स्टाइल राइफल से गोलियां चलाईं। एक गोली ट्रंप के दाएं कान को छूती हुई निकल गई। रैली में आए 1 शख्स की मौत हो गई और 2 गंभीर रूप से घायल हो गया। सीक्रेट सर्विस के स्नाइपर ने तुरंत क्रुक्स को मार गिराया। क्रुक्स का मकसद क्या था ये आज तक पता नहीं चला। थ्ठप् और तत्कालीन राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि हमले का कोई ज्ञात मकसद पता नहीं चला। जांच में ये बातें सामने आईं कि क्रुक्स रजिस्टर्ड रिपब्लिकन था, लेकिन 17 साल की उम्र में उसने डेमोक्रेटिक ग्रुप ।बजठसनम को +15 डोनेट किए थे। 2022 में हाई स्कूल से ग्रेजुएट, मैथ–साइंस में +500 का अवार्ड मिला था। उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था। एबीआई ने बयान जारी किया, शूटर के मकसद का अभी पता नहीं चल पाया है। बाइडेन ने कहा, अभी तक हमें शूटर के मकसद के बारे में कोई जानकारी नहीं है। आप सभी से मेरी अपील है कि हमलावर के मकसद को लेकर ज्यादा धारणा न बनाए। 15 सितंबर 2024 को ट्रंप पर दूसरा हमला हुआ। 59 साल का रयान वेस्ली राउथ अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना का रहने वाला था। लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में ट्रंप इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में 15 सितंबर 2024 को सेमी–ऑटोमैटिक राइफल लेकर गोल्फ कोर्स की बाड़ के पास झाड़ियों में छिपा था। ट्रंप से दूरी सिर्फ 250–350 मीटर थी। तभी सीक्रेट सर्विस एजेंट ने झाड़ियों से राइफल की नाल देखी और फायर किया। राउथ मौके से भागा, लेकिन ।ज्ञ–47 स्टाइल राइफल, 2 बैकपैक और ळवच्तव कैमरा छोड़ गया। बाद में गिरतार हुआ। पूछताछ में पता चला कि उसे ट्रंप से नफरत थी। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट में बताया कि राउथ का ऑनलाइन रिकॉर्ड ट्रंप के प्रति नफरत दिखाता है। उसने अपनी किताब में भी ट्रंप की हत्या की बात लिखी थी। प्रॉसिक्यूटर ने कहा कि राउथ का मकसद अमेरिकी लोकतंत्र को खत्म करना था। जज एलीन कैनन ने कहा – यह साफ है कि उसने एक इंसान की जान लेने के लिए सोची–समझी साजिश रची थी। राउथ पहले भी कई आपराधिक मामलों में दोषी रह चुका है। चोरी का सामान रखने जैसे आरोप थे। वो यूक्रेन समर्थक था, 2022 में यूक्रेन जाकर लड़ने की कोशिश भी की थी। फरवरी 2026 में लोरिडा की कोर्ट ने उम्रकैद सुनाई.



सुनवाई के दौरान राउथ ने 20 पन्नों का बयान पढ़ने की कोशिश की और खुद को अच्छा इंसान बताया, लेकिन जज ने खारिज कर दिया। हालांकि, ट्रंप पर दोनों हमले दूसरे बार राष्ट्रपति बनने से पहले हुए. चुनाव के समय ट्रंप के दावों से ही अमेरिका में काफी तनाव बढ़ गया था। ट्रंप के दुश्मनों को जानने से पहले दो बात जान लीजिए। पहला कि अमेरिका में गन रखना आम बात है। दूसरा ये अमेरिका में दो दल हैं. एक डेमोक्रेट और दूसरा रिपब्लिकन। ट्रंप के आने से पहले दोनों दल एक–दूसरे पर तीखे हमले नहीं करते थे। हां, दोनों दल अपने विचार जनता के सामने रखते थे और जनता उसके आधार पर वोट डालती थी। डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन पार्टी से हैं। रिपब्लिकन पार्टी की पारंपरिक विचारधारा ये है कि ये कम सरकार, कम टैक्स, फ्री मार्केट,गर्भपात के खिलाफ, गन राइट्स के पक्ष में, पारंपरिक परिवार, मजबूत सेना, पीस स्ट्रेंथ चाहते हैं। ट्रंप इसमें और लेवर एड करते हैं। वो राइट–विंग पॉपुलिस्ट नेशनलिज्म की बात करते हैं। यही कारण है कि पुराने रिपब्लिकन जैसे बुश और रोमनी भी उन्हें बहुत पसंद नहीं करते। वहीं डेमोक्रेट लिबरल/प्रोग्रेसिव पार्टी है। मानती है कि सरकार को एक्टिव होकर असमानता कम करनी चाहिए। वो अमीरों पर ज्यादा टैक्स, मिनिमम वेज बढ़ाना चाहती है। यूनियन के पक्ष में रहती है। ट्रिकल–डाउन के बजाय मिडिल–आउट इकोनॉमी चाहती है। क्लाइमेट चेंज को बड़ा खतरा मानती है। गन कंट्रोल, अवैध इमिग्रेंट्स के लिए नागरिकता का रास्ता, बॉर्डर सिक्योरिटी तो चाहती है पर दीवार के खिलाफ है। जाहिर है ट्रंप के आने के बाद लिबरल और राइट विंग पॉपुलिस्ट नेशनलिज्म के बीच जंग छिड़ गई है। लिबरल बनाम पॉपुलिस्ट नेशनलिज्म का मतलब ये है कि दोनों विचारधाराएं आपस में टकरा रही हैं। जो गरीब हैं, वो लिबरल पार्टी यानी डेमोक्रेट के पक्ष में हैं। जो अवैध तरीके से अमेरिका में आए हैं, वो भी डेमोक्रेट का समर्थन करते हैं। जो युद्ध नहीं चाहते, वो भी कहीं ना कहीं डेमोक्रेट का समर्थन करते हैं। दूसरे देशों से आकर अमेरिकी नागरिकता पाने वाले भी ज्यादातर डेमोक्रेट को ही समर्थन करते हैं। वहीं ट्रंप अमीरों के पक्ष में ज्यादा नीतियां बनाते हैं। वो मूल अमेरिकी लोगों की बातें करते हैं और उनके पक्ष में खड़े दिखते हैं। वो अमेरिका पहले की बात करते हैं। उनको इससे मतलब नहीं है कि कौन दोस्त है। उनको मतलब है कि अमेरिका को फायदा होना चाहिए। ये ब्रिटेन, यूरोप, भारत जैसे देशों पर उन्होंने टैरिफ लगाकर साबित भी किया है। ऐसे में जाहिर है अमेरिका में जो ट्रंप को पसंद करते हैं, वो बहुत ज्यादा पसंद करते हैं। ट्रंप के दीवाने हैं, लेकिन जो पसंद नहीं करते, वो धीरे–धीरे दुश्मन बनते जा रहे हैं। टैरिफ के बाद अब ईरान युद्ध के कारण अमेरिकियों को भी महंगाई से लेकर बेरोजगारी तक का सामना करना पड़ रहा हैं।

# नगर निगम के ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, स्कूटी सवार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। कान्हा रेस्टोरेंट जानकी द्वार के पास जलकल के पानी से भरे टैंकर के पिछले पहिए के नीचे आया स्कूटी सवार स्कूटी पर दो युवक थे सवार, जिसमें एक के साथ हुई घटना ट्रैक्टर टैंकर चालक बेशर्मों की तरह सड़क पर टैंकर छोड़कर हुआ फरार सड़क पर तड़पता स्कूटी सवार बालक को छोड़ ट्रैकर चालक भागा स्थानीय लोगों की मदद से स्कूटी चालक ई रिक्शा की मदद से उपचार हेतु सरकारी ट्रामा सेंटर लेकर गया मौके पर पहुंची इलाका पुलिस, छानबीन में जुटी, पूरा मामला थाना उत्तर क्षेत्र कान्हा रेस्टोरेंट मुकेश पान वाले के पास का प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया किस तरह से हुई घटना, मौके पर ट्रैक्टर छोड़ भगा ड्राइवर।

# पालीवाल में आज डिप्टी मेयर का चुनाव हुआ सम्पन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। निर्विरोध केशव देव कुशवाहा बने निगम के नए उपसभापति महापौर कामिनी राठौर की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण ढंग से नगर निगम के डिप्टी मेयर का चुनाव हुआ सम्पन्न डिप्टी मेयर पद के लिए भाजपा के ही दो उम्मीदवार आशीष दिवाकर और केशव देव कुशवाहा थे आमने सामने, वहीं सपा से पार्षद मनोज शंखवार देरी से पहुंचने के कारण नहीं जमा कर पाए पर्चा अंतिम समय में पार्षद आशीष दिवाकर ने लिया अपना नाम वापस जिसके बाद निर्विरोध डिप्टी मेयर बने पार्षद केशव देव कुशवाहा नवनिर्वाचित डिप्टी मेयर ने पार्टी पदाधिकारी सहित सभी का किया धन्यवाद।

# पेयजल व स्वच्छता समिति की बैठक आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में सतही श्रोत आधारित पेयजल योजना (पैकेज–1 एवं पैकेज–2) तथा 106 नग राजस्व ग्रामों में पेयजलापूर्ति हेतु पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के संचालन एवं अनुरक्षण के कार्यों की सगीक्षा हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक कल (आज) कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी है। बैठक में समय से प्रतिभाग करें।

# मोहम्मदाबाद में एसडीएम ने किया फार्मर रजिस्ट्री कैंप व गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

मोहम्मदाबाद, गाजीपुर। सोमवार को उप जिलाधिकारी डॉ. हर्षिता तिवारी ने जिलाधिकारी के निर्देश पर करीमुद्दीनपुर में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान



उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

एसडीएम ने ग्रामवासियों से अपील की कि वे जल्द से जल्द अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराएं, ताकि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सके। उन्होंने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण होने पर किसानों को उर्वरक उपलब्धता, गेहूं क्रय, किसान सहायता एवं अन्य .षि योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त होगा। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी ने करीमुद्दीनपुर स्थित गेहूं क्रय केंद्र का भी जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गेहूं खरीद की प्रगति में तेजी लाई जाए, ताकि किसानों को समय पर सुविधा मिल सके। इस अवसर पर किसानों से फार्मर आईडी बनवाने की अपील भी की गई, जिससे भविष्य में शासन की .षि योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ समय से प्राप्त हो सके। साथ ही किसानों से सरकारी क्रय केंद्रों पर पहुंचकर अपना गेहूं बेचने का आग्रह किया गया।

# सीओ से मिला व्यापार मंडल

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। लहरपुर में प्रशासनिक फेरबदल के बाद अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रमुख व्यापारियों और पदाधिकारियों ने क्षेत्र के नए अधिकारियों के साथ एक औपचारिक मुलाकात की। व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने नवागत पुलिस क्षेत्राधिकारी अभिषेक कुमार और नवागत उपजिलाधिकारी धामनी एस दास से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान अधिकारियों को नगर की भौगोलिक स्थिति और व्यापारिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य नवागत अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करना था। पदाधिकारियों ने अधिकारियों से नगर की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के संबंध में सहयोग की अपेक्षा जताई। अधिकारियों ने भी सकारात्मक रुख अपनाते हुए कानून व्यवस्था और जन–सुनवाई को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष रियाज अहमद बब्लू भैया, महामंत्री हरीश रस्तोगी गोलू भैया, उपाध्यक्ष हाशिम अंसारी, जावेद अंसारी, निहाल कुरैशी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



# भवानीपुर बंगाल सीट से सीएम ममता व सुभेन्दु अधिकारी के बीच कड़ा मुकाबला

## - 2021 में ममता बनर्जी नन्दी ग्राम से चुनाव लड़ी, सुभेन्दु अधिकारी 2000 मतों से जीते

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। अल्पसंख्यक सेल से परवेज खान ने बताया कि ममता बनर्जी बंगाल की शेरनी है वह नफरत की राजनीति नही करती बंगाल में महिलाएं सबसे सुरक्षित हैं, फिर से दीदी आ रहीं हैं। अल्पसंख्यक अध्यक्ष बिलाल खान और फहीम अहमद ने कहा कि भाजपा नफरत की बाजार बेच रही अपने 15 मुख्यमंत्री और दर्जनों कैबिनेट मंत्री को झूठ बोलने के लिए लगा दिया है जो खोखला वायदा के रहें हैं, भाजपा शाषित राज्यों में महिलाएं सबसे असुरक्षित हैं। भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र पश्चिम बंगाल की सबसे चर्चित और हाई–प्रोफाइल सीटों में से एक मानी जाती है। यह क्षेत्र कोलकाता के शहरी और राजनीतिक रूप से बेहद सक्रिय इलाकों में आता है। राजनीतिक महत्व भवानीपुर सीट को टटप्ड सीट कहा जाता है। यहाँ से ममता बनर्जी ने कई बार चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 2021 में भी उन्होंने इसी सीट से जीत दर्ज कर मुख्यमंत्री पद बरकरार रखा। 2026 चुनाव में संभावित मुकाबला मुकाबला मुख्यतः तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच रहने की संभावना है। अगर ममता बनर्जी यहाँ से चुनाव लड़ती हैं, तो यह सीट फिर से राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में रहेगी। वोटर समीकरण मुस्लिम वोटर, बंगाली हिंदू वोटर और शहरी मध्यम वर्ग यहाँ निर्णायक भूमिका निभाते हैं। टीएमसी का पारंपरिक आधार मजबूत रहा है, लेकिन बीजेपी पिछले चुनावों में यहाँ अपनी पकड़ बढ़ाने की कोशिश करती रही है। शहरी विकास और इंफ्रास्ट्रक्चर रोजगार और व्यापार अल्पसंख्यक व सामाजिक संतुलन राज्य सरकार की योजनाओं का प्रभाव भवानीपुर सीट 2026 में भी हाई–वोल्टेज राजनीतिक मुकाबले का केंद्र बनी रहेगी। यहाँ का परिणाम पूरे पश्चिम बंगाल की राजनीति का संकेत दे सकता है।




# 56 गांवों की बिजली समस्या पर किसान मोर्चा का ज्ञापन

## - कार्रवाई न होने पर पैदल मार्च की चेतावनी

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। बड़ागांव क्षेत्र के लगभग 56 गांवों के ग्रामीणों और किसानों ने बिजली व्यवस्था की गंभीर समस्या को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट (अतिरिक्त) को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में दिया गया, जिसमें क्षेत्र में खराब बिजली आपूर्ति, लाइनमैन की कमी और कमजोर आधारभूत ढांचे को प्रमुख मुद्दा बताया गया। ग्रामीणों ने बताया कि लंबे समय से क्षेत्र में पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है, जिससे बच्चों की पढ़ाई, पेयजल आपूर्ति और किसानों की सिंचाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। भीषण गर्मी के दौरान हालात और भी खराब हो जाते हैं, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि स्थायी लाइनमैन की नियुक्ति न होने के कारण बिजली से जुड़ी समस्याओं.जैसे तार टूटना या ट्रांसफार्मर खराब होना.का समाधान समय पर नहीं हो पाता। इससे ग्रामीणों को आर्थिक




नुकसान के साथ मानसिक तनाव भी झेलना पड़ता है। किसान मोर्चा ने प्रशासन के सामने तीन प्रमुख मांगें रखीं. बड़ागांव क्षेत्र में शीघ्र विद्युत उपकेंद्र की स्थापना 56 गांवों के लिए अलग फीडर का निर्माण कम से कम दो स्थायी लाइनमैनों की तत्काल नियुक्ति मोर्चा के संयोजक पिन्दर सिंह सिद्धू ने चेतावनी दी कि यदि एक माह के भीतर उपकेंद्र स्थापना और फीडर निर्माण को लेकर कोई लिखित आश्वासन नहीं मिला, तो ग्रामीण और किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में मुख्यमंत्री कार्यालय, लखनऊ तक पैदल मार्च किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक ने भी ग्रामीणों का समर्थन किया। उन्होंने समस्याएं सुनकर प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की और भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे को उच्च स्तर पर उठाया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि इस गंभीर जनहित के मुद्दे पर प्राथमिकता के आधार पर जल्द कार्रवाई की जाए। इस मौके पर अमित मिश्रा, राहुल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, रंजीत राज, कुलदीप सिंह, कुशल वर्मा, विवेक सिंह, विवेक दीक्षित, पवन दीक्षित, गोलू वर्मा, विकास वर्मा, रानू मिश्रा, रमेश शुक्ला, राकेश मौर्य, शिवम मौर्य, कैलाश सिंह, डब्लू सिंह, कपिल दीक्षित, विक्रम, शेर बहादुर, अमित, राजेश कुमार, साकेत, विकास, विनीत, दुर्गेश मिश्रा, दीपक मिश्रा एवं छोटू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व किसान मौजूद रहे।

# सांसद राकेश राठौर का आमरण अनशन एएसपी ने कराया समाप्त

## - प्रशासन ने गलती स्वीकारी, 17 घंटे चला आमरण अनशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। लोकतंत्र के इतिहास में एक अत्यंत चिंताजनक और निंदनीय घटना सामने आई। जहां एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि सांसद राकेश राठौर को पुलिस प्रशासन द्वारा बिना नोटिस व बिना कारण बताए हाउस अरेस्ट कर उनके संवैधानिक एवं विशेषाधिकारों का खुला उल्लंघन किया गया। सांसद को न केवल उनके निवास स्थान पर सीमित किया गया बल्कि उनके दैनिक जनसंपर्क, निरीक्षण और जनता के मुद्दों पर हस्तक्षेप जैसे कर्तव्य में भी बाधा डाली गई। यह .त्य न केवल एक जनप्रतिनिधि के प्रति अन्याय है बल्कि समूचे लोकतांत्रिक ढांचे और जनता के अधिकारों पर सीधा हमला है स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब पुलिस कर्मियों द्वारा सांसद राकेश राठौर को उनके वैधानिक कर्तव्यों के निर्वहन से जबरन रोका गया। यह व्यवहार न सिर्फ अनुचित है बल्कि लोकतंत्र के मूल्यों के खिलाफ है। सांसद राकेश राठौर के साथ पुलिस द्वारा अंजाम दी गई यह घटना धारा 221 बीएनएस धारा 126 बीएनएस धारा 115 बीएनएस धारा 351 बीएनएस धारा 352 बीएनएस का घोर उलंघन है। जिसे इंस्पेक्टर नगर कोतवाली ने लोक सेवक के विरुद्ध विधि के विपरीत कार्य कर अधिकारों का दुरुपयोग किया। जन प्रतिनिधि को अवैध तरीके से रोका। 17 घंटे के सांसद राकेश राठौर के आमरण अनशन ने जिले की राजनीति और प्रशासनिक अमले मे हड़कंप मचा दिया अंततः अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, एसडीएम सदर, सीओ सिटी, थानाध्यक्ष हरगांव और



तालगांव की उपस्थिति मे सांसद राकेश राठौर, डां बृजबिहारी, कांग्रेस उपाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह, कांग्रेस जिला प्रवक्ता एहिताशाम बेग से वार्ता हुई और प्रशासन ने पूरे घटनाक्रम मे अपनी गलती स्वीकार की और प्रशासन की तरफ से ऐसी दोबारा चूक नही होगी और इस चूक के जिम्मेदारो पर कार्रवाई भी होगी। द्विपक्षीय वार्ता मे यही निष्कर्ष निकला। इस अवसर पर अनुप्रिया बर्मा, सुनीला रावत, सुनीता चौधरी, हसीना खातून, रोशनी गुप्त, महेंद्र सिंह यादव, अमरजीत, अंकित भार्गव सहित सैकड़ो लोगो ने हिस्सा लिया।

# शुगर मिल अधिकारियों ने हबीबवाला जोन का किया निरीक्षण

## - किसानों को दिए जरूरी सुझाव

न्यूज वाणी ब्यूरो

धामपुर, बिजनौर। शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा, विभागाध्यक्ष (गन्ना विकास) करुण अग्रवाल एवं वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक मनोज चौहान ने हबीबवाला जोन का भ्रमण किया। इस दौरान बसंतकालीन गन्ना बुवाई के तहत उन्नतशील प्रजातियों सीओ–0118, 98014, 15023 एवं सीओएस–13235 के विभिन्न प्लॉटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गन्ना प्रजाति सीओ–0118 के प्लॉट में टॉप बोरर का प्रकोप पाया गया। इस पर उपाध्यक्ष महोदय ने किसानों को सूट कटिंग कराने तथा सीटीपीआर तकनीक के तहत कोराजन, नेटजन एवं बोलियम जैसी दवाओं की ड्रैंचिंग कर सिंचाई करने की सलाह दी, ताकि फसल को नुकसान से बचाया जा सके। भ्रमण के दौरान ग्राम करनावाला में .षक सोमपाल सिंह के खेत का भी निरीक्षण किया गया, जहां गन्ना बुवाई कार्य चल रहा था। अधिकारियों ने किसानों को भूमि एवं बीज उपचार के संबंध में आवश्यक सुझाव देते हुए वैज्ञानिक तरीके से खेती करने पर जोर दिया। इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह, दीपक कुमार सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

# डिप्थीरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने किया टीकाकरण

फोटो परिचय–12

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टिटनेस डिप्थीरिया से बचाव के उपाय को स्वास्थ्य विभाग की टीम में नीरज कुमार गुप्ता जिला कोऑर्डिनेटर मोहित मल्होत्रा जिला कोऑर्डिनेटर रितेश तिवारी जिला कोऑर्डिनेटर ने आदर्श कैलाश नाथ इंटर कॉलेज में टिटनेस और डिप्थीरिया से बचाव के लिए टी–डी के बारे में



जानकारी दी। बैक्टीरिया व हानिकारक पदार्थ के बारे में जो गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा करते हैं टी–डी एक ऐसा वैक्सीन इंजेक्शन है जो बीमारियों टिटनेस और डिप्थीरिया से सुरक्षा प्रदान करता है इसका उपयोग आमतौर पर बचपन में लगाए गए शुरुआती टीकाकरण के बाद निरंतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए बूस्टर टी–डी के रूप में किया जाता है। टीडी वैक्सीन अन्य नाम से जानी जाती है इसमें बूस्टर भी शामिल है कक्षा 9 10 तथा 1 से कक्षा 5 व 6 से कक्षा 8 तक अलग–अलग अवस्थाओं के अनुसार बच्चों के वैक्सीन लगाए जाते हैं कोऑर्डिनेटर नीरज कुमार ने इस विषय में चर्चा करते हुए कहा कि यह बच्चों को लगवाना अनिवार्य होना चाहिए जिससे इन बीमारियों से बचा जा सके इसी बिंदु पर रितेश तिवारी ने भी चर्चा की तथा एएनएम प्रियंका पांडे ने शिवानी गोस्वामी स्मृति और जूली अंशिका ज्योति शाइस्ता दीपिका चांदनी निष्ठा एलिजा मुस्कान के टीके लगाए तथा अन्य छात्रों के लिए टीकाकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। सोफिया का भी काफी सहयोग रहा सहायता के रूपमें डॉक्टर के स्टाफ और उनकी टीम ने विद्यालय के बहुत से बच्चों का टीकाकरण किया गया। सभी बच्चों को जानकारी से अवगत कराते हुए डॉक्टर की टीम तथा स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं के लिए प्रधानाचार्य ने अपना सहयोग व आभार व्यक्त किया तथा शासन की व्यवस्था को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को बहुत–बहुत बधाई दी।

# मेधावियों को एसडीएम ने किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

लहरपुर, सीतापुर। मन लगाकर पढ़ाई करें खूब मेहनत करें सफलता के रास्ते खुद ही आगे खुलते चले जाएंगे। उक्त विचार उप जिलाधिकारी लहरपुर एम दामिनी दास ने यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में उच्च अंक अर्जित करने वाली आशी मिश्रा को सम्मानित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि जब हम लक्ष्य बनाकर मन लगाकर पढ़ते हैं तो एक दिन अपनी मंजिल को पा ही लेते हैं। इस मौके पर तहसीलदार लहरपुर योगेश मिश्रा कन्हैया तथा सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी मौजूद रहे। हसीन अंसारी ने बताया कि अति शीघ्र ही एक करियर काउंसलिंग मेले का आयोजन लहरपुर क्षेत्र में किया जाएगा। जिससे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के छात्र एवं छात्रों को अपनी राह चुनने में आसानी होगी और सही मार्गदर्शन मिल सकेगा।



# महिलाएं स्मार्ट मीटर उखाड़ कर पहुंची बिजलीघर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। स्मार्टमीटर को लेकर महिलाओं का गुस्सा सातवें आसमान पर मीटर बिजलीघर में फेंक कर किया विरोध प्रदर्शन स्मार्टमीटर से हो रही परेशानियों को लेकर उठाया कदम लगभग 4 दर्जन मीटर को उखाड़ कर बिजलीघर पहुची महिलाएं घटना की जानकारी पर पहुची पुलिस महिलाओं को समझाने में जुटी थाना नगला सिंघी के नगला हट्टा की महिलाओं ने विधुत उपकेंद्र जटई पर किया प्रदर्शन।



फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

## शादी समारोह के बीच लापता 7 वर्षीय बालिका का शव कुएं में मिला, गांव में मचा हड़कंप

संवाददाता राठ (हमीरपुर)। राठ कोतवाली क्षेत्र के स्यावरी गांव में सात वर्षीय बालिका का शव घर के पास स्थित कुएं में मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि पड़ोस में चल रहे शादी समारोह के दौरान बालिका कुएं में गिर गई। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार स्यावरी गांव निवासी नैंसी पुत्री धर्मेंद्र रविवार रात करीब साढ़े दस बजे अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। सोमवार दोपहर उसका शव घर के पास स्थित कुएं में पड़ा मिला। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची राठ कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से बालिका के शव को कुएं से बाहर निकाला। फायर स्टेशन प्रभारी कमलेश कुमार, फायरमैन पवन यादव और आपदा मित्र मुबीन अहमद ने रेस्क्यू अभियान चलाया। परिजनों के अनुसार पड़ोस में कामता प्रसाद की पुत्री उपासना का विवाह समारोह चल रहा था। आशंका है कि इसी दौरान भीड़भाड़ में धक्का लगने से नैंसी कुएं में गिर गई होगी। नैंसी अपने माता–पिता धर्मेंद्र और गायत्री देवी की बड़ी बेटी थी। उसकी एक छोटी बहन नित्या है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा है। प्रभारी निरीक्षक राठ ने बताया कि शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## थाना सिंगाही पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी के दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी जनपद के थाना सिंगाही पुलिस ने चोरी के मामले में फरार चल रहे दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। क्षेत्राधिकारी निघासन के कुशल निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक सिंगाही के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 78/2026 धारा 304(2)/115(2)/317(2) बीएनएस से संबंधित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान विक्रम पुत्र बिहारीलाल एवं गोपी पुत्र बिहारीलाल निवासी ग्राम प्रीतमपुरवा, थाना निघासन, जनपद खीरी के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से सफेद धातु का कमरबंद (दो टुकड़ों में) बरामद किया है। गिरफ्तारी के पश्चात दोनों आरोपियों को विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक मोहम्मद कलाम खां, उप निरीक्षक गंगा सिंह यादव, हेड कांस्टेबल मोहम्मद अली, कांस्टेबल हरकेश सिंह एवं कांस्टेबल पोपिल बंसला की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खाना बनाने को लेकर विवादः पत्नी ने मासूम संग खाई सल्फास, कानपुर रेफर

संवाददाता मौदहा (हमीरपुर)। जिले के मौदहा क्षेत्र में रविवार सुबह घरेलू विवाद के बाद एक विवाहिता ने अपने मासूम बेटे के साथ सल्फास की गोलियां खा लीं। जहरीला पदार्थ खाने से मां–बेटे की हालत गंभीर



हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को कानपुर रेफर किया गया है। मामला मौदहा कोतवाली क्षेत्र के तिंदुही गांव का है। यहां निवासी मोहित कुशवाहा की शादी वर्ष 2024 में बिवांर थाना क्षेत्र के टीहर गांव निवासी 26 वर्षीय कीर्ति से हुई थी। शादी के बाद से दंपती के संबंधों में खटास बनी हुई थी। पारिवारिक विवाद के चलते कीर्ति लंबे समय से मायके में रह रही थी। करीब छह माह पूर्व रिश्तेदारों की पंचायत के बाद वह ससुराल लौट आई थी। बताया गया कि रविवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे मोहित काम पर जाने से पहले पत्नी कीर्ति से खाना बनाने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर कीर्ति ने आवेश में घर में रखी सल्फास की गोलियां खा लीं। आरोप है कि उसने अपने एक वर्षीय बेटे हिमांशु को भी सल्फास खिला दी। कुछ ही देर में मां–बेटे की हालत बिगड़ने लगी। परिजन तत्काल दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। जिला अस्पताल में हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने दोनों को कानपुर रेफर कर दिया। घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया। पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है।

## जनसुनवाई में एक्शन मोड में SSP फरियादियों की शिकायतों पर तुरंत समाधान का हंटर

संवाददाता गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनपद की पुलिस अब केवल शसिद्धांतश नहीं, बल्कि श्समाधान पर काम कर रही है।पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान एसएसपी ने न केवल फरियादियों के दुख–दर्द को सुना बल्कि फाइलों के अंबार को किनारे कर मौके पर निस्तारण की नई इबारत लिखी। कार्यालय पहुंचे हर शख्स को यह भरोसा दिलाया गया कि उसकी समस्या का समाधान अब प्रशासन की प्राथमिकता है। एसएसपी ने संबंधित अधिकारियों को कड़े लहजे में निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादी को न्याय के लिए भटकना न पड़े, त्वरित और निष्पक्ष कार्यवाही ही पुलिस का एकमात्र लक्ष्य है। पुलिस और जनता के बीच की दूरी को कम करने और न्याय की प्रक्रिया को तेज करने के लिए एसएसपी लगातार फील्ड में एक्टिव हैं। आज पुलिस कार्यालय में फरियादियों की लंबी कतार थी, लेकिन एसएसपी ने एक–एक कर हर पीड़ित की बात सुनी। सिर्फ सुना ही नहीं, बल्कि वहीं से फोन पर संबंधित थानेदारों और अधिकारियों की क्लास भी लगाई। सख्त निर्देश दिए गए हैं कि शिकायतों के निस्तारण में श्ढीला–हवालीश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी के इस क्विक रिस्पॉन्स ने जनता के बीच खाकी का भरोसा और मजबूत कर दिया है।

# डीएम ने विद्युत उपकेंद्र शिकोहाबाद का किया निरीक्षण

### - अव्यवस्थाओं पर जताई कड़ी नाराजगी
### - 24 घंटों के भीतर जनसमस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने का दिया अल्टिमेटम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ विद्युत उपकेंद्र शिकोहाबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी केंद्र पर व्याप्त व्यवस्थाओं को देखकर अत्यधिक क्षुब्ध नजर आए। जिलाधिकारी ने इस बात गहरी नाराजगी व्यक्त की। जन समस्याओं के समाधान हेतु आयोजित कैंप में आने वाले फरियादियों के बैठने की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कैंप को व्यवस्थित किया जाए प्रत्येक चार–पांच फरियादियों पर एक अधिकारी की तैनाती सुनिश्चित को जाए, ताकि उनकी समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुना जा सके और मौके पर ही समाधान निकाला जा सके। जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि प्रतिदिन चालीस से पचास शिकायतें स्मार्ट मीटर और बिजली की अन्य समस्याओं से संबंधित आ रही हैं। इस बात पर जिलाधिकारी ने शख्त रुख अपनाते हुए अधिशासी अभियंता विद्युत और संबंधित अधिकारियों को 24 घंटे के भीतर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने का अल्टीमेटम दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि समस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां मौजूद जनता की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना और उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि आपकी समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन प्रतिबद्ध है, आप किसी प्रकार से व्यग्र न हो।



# डीएम ने जिला पर्यावरण व वृक्षारोपण समिति की बैठक में दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन की अध्यक्षता और मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन




वैश्य, प्रभागीय वनाधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला पर्यावरण, जिला वृक्षारोपण एवं जिला गंगा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान को प्रभावी बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पौधरोपण के समय छोटे पौधों की जगह बड़े पौधों का चयन किया जाए। ताकि उनके जीवित रहने की दर अधिक रहे, और वे जल्द स्थापित हो सके। शहरी, सघन और औद्योगिक क्षेत्रों में कम जगह अधिक हरियाली विकसित करने के लिए मियांवाकी पद्धति से सघन पौधरोपण किया, सभी तालाबों के किनारे अनिवार्य रूप से छाया दार और फलदार पौधे लगाए जाएं ताकि जल संरक्षण के साथ पर्यावरण संतुलन भी बना रहे। सड़क और नहर के किनारे किए जाने वाले वृक्षारोपण में ट्री गार्ड का उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि मवेशियों से पौधों को बचाया जा सके। ऊसर और बीहड भूमि पर पौधरोपण करते समय वहां की प्रा.तिक दशाओं और मिट्टी की गुणवत्ता के अनुसार ही चयन किया जाए। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि अब तक जनपद में 425 ग्रीन चौपालों की बैठक सम्पन्न हो चुकी हैं जिनके माध्यम से जनजागरूकता फैला कर पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों निर्देशित किया कि वे आवंटित लक्ष्यों को समय सीमा के भीतर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से सुनिश्चित करें, इस अवसर पर अधिशासी अभियंता लोकनिर्माण विभाग, उपायुक्त उद्योग समस्त खंड विकास अधिकारी के साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का किया दौरा

### - बच्चों के पोषण और सर्वांगीण विकास पर दिया जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के साथ सिविल लाइन स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्थाओं, साफ सफाई और बुनियादी सुविधाओं का जायजा भी लिया। जिलाधिकारी ने छात्राओं को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की, उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बच्चों को केवल मीनू चार्ट के अनुसार ही भोजन न दिया जाय बल्कि उनके आयु वर्ग के हिसाब से आहार निर्धारित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों को ऐसा पोषण युक्त संतुलित आहार मिलना चाहिए, जिससे उनके शारीरिक और मानसिक विकास में कोई बाधा न आए और वह भविष्य में स्वस्थ्य नागरिक बनकर देश व समाज की सेवा कर सकें। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को निर्देशित किया कि यदि वर्तमान मीनू चार्ट के अलावा बच्चों के लिए किसी अन्य पोषक तत्व या विशेष आहार की आवश्यकता महसूस होती है तो उसके लिए शासन से आग्रह कर उसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय प्रांगण में स्थित मैदान में हरी घास लगाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। उसके पश्चात जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन डोर मैट्री, लैब का भी निरीक्षण किया और कार्य के गुणवत्तापूर्ण व समय बद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने अंत में शिक्षिकाओं से संवाद करते हुए कहा कि आज के समय में बच्चों की बहुमुखी प्रतिभा का विकास करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि पढ़ाई के साथ–साथ बच्चों के अंदर छिपे हुए हुनर को पहचाने और उसे निखारने के प्रयास किए जाएं, ताकि उनकी प्रतिभा को नया मुकाम और नई पहचान मिल सके।




# सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास कार्यों का जायजा

### - ग्रामीणों की शिकायतों का मौके पर निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के सीमावर्ती ग्राम



मोटाढाक, कौड़िया, तेलीपाड़ा और जहानाबाद में निर्माणाधीन पेयजल योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और निर्धारित समयसीमा का गहनता से अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा तय समयसीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ योजना को पूर्ण किया जाए, ताकि ग्रामीणों को शीघ्र स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर पेयजल, सड़क, विद्युत, राशन वितरण, आवास योजना सहित विभिन्न समस्याएं सामने रखीं। जिलाधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा–निर्देश दिए तथा कई समस्याओं का तत्काल निस्तारण भी सुनिश्चित कराया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने लंबित शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी जाएगी और आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य करता रहेगा।

## प्रधान और बेटे पर पति की हत्या का गंभीर आरोप, महिला ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता सरीला (हमीरपुर)। जलालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मसीदन निवासी रामप्रसाद केवट (35) की संदिग्ध मौत के मामले में पत्नी विपता ने गांव के प्रधान, उसके बेटे तथा भूरा–विक्रम पर शराब में जहर देकर हत्या कराने का आरोप लगाया है। सोमवार को वह छोटे बच्चों के साथ एसपी कार्यालय पहुंची और निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की। पुलिस के अनुसार 25 अप्रैल को रामप्रसाद को मृत अवस्था में सीएचसी सरीला लाया गया था। सूचना पर जलालपुर पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम चिकित्सकों के पैनल ने वीडियोग्राफी के साथ किया। विपता का आरोप है कि आरोपियों ने पहले समझौते का दबाव बनाया। पति के मना करने पर साजिश के तहत शराब में विषाक्त पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया गया। उसने यह भी कहा कि घटना के बाद आरोपी उसे गांव में नहीं रहने दे रहे, जिससे वह बच्चों संग दूसरे स्थान पर रहने को मजबूर है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मृतक के शराब पीने का आदी होने और छह माह से बीमार रहने की बात सामने आई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट व अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहन जांच कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

## भीषण गर्मी का प्रकोपः लू से सावधान रहें, परवेज आलम ने नागरिकों से की अपील

संवाददाता लखीमपुर खीरी। अप्रैल माह के अंत के साथ ही देश के कई हिस्सों में तापमान लगातार बढ़ रहा है। जनपद लखीमपुर खीरी में भी भीषण गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। बढ़ती गर्मी के चलते अस्पतालों में डायरिया के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिसे लेकर मौसम विभाग ने लू (हीट वेव) का खतरा जताया है। बहुआयामी संस्था से जुड़े परवेज आलम ने आम नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तेज धूप और लू के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए प्रशासन ने भी सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हीट वेव के दौरान सावधानी बरतना बेहद आवश्यक है, विशेषकर बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं एवं मजदूरों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। परवेज आलम ने बताया कि हीट स्ट्रोक के लक्षणों को समय रहते पहचानना जरूरी है। जैसेकृचक्कर आना, तेज बुखार, अधिक पसीना आना, उल्टी, बेहोशी या शरीर का तापमान असामान्य रूप से बढ़ना। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न करें और तुरंत 108 या 102 एंबुलेंस सेवा पर संपर्क करें। स्वास्थ्य विभाग ने हीट स्ट्रोक को मेडिकल इमरजेंसी बताया है। गर्मी से बचाव के लिए लोगों को दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, यात्रा के दौरान पानी साथ रखने तथा ओआरएस, नींबू पानी, लस्सी जैसे पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी गई है। साथ ही बाहर के खाद्य पदार्थों से दूरी बनाने और तरबूज, खीरा व बेल जैसे ठंडक देने वाले फलों को आहार में शामिल करने को कहा गया है। दोपहर 12 से 3 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। बाहर जाते समय हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें और सिर को ढककर रखें।

## खुले बाजार से किसानों का मोह भंग अपनी गेहूं उपज की तौल सरकारी क्रय केन्द्र मे

संवाददाता मण्डी समिति परिसर स्थित विपणन शाखा में खुले गेहूं क्रय केन्द्र में दूर दराज के किसानों ने भी अपनी उपज बेचकर बिना किसी झंझट के सीधे अपने खाते में समर्थन मूल्य प्राप्त करने का फैसला लिया, गांव गांव जाकर किसानों से संपर्क कर अपनी उपज को खुले गेहूं केन्द्र में बेचने तथा समय पर समर्थन मूल्य सीधे किसानों के खाते में देने जैसी मेहनत रंग लाई और



इस वर्ष क्षेत्रीय किसान अपनी गेहूं उपज को खुले बाजार में न बेचकर सीधे विपणन शाखा के क्रय केन्द्र में बेच रहा है सोमवार को पड़ताल के दौरान कोडा जहानाबाद सहित ग्राम बन्थरा, सुजावलपुर,कौंह,कापिल सहित आदि गांव के किसानों ने अपनी उपज का 1295 कुन्तल गेहूं की तौल क्रय केन्द्र में कर प्रति कुंतल 2585 समर्थन मूल एवं उतराई ,छनाई एवं लेबर सहित 2605 रुपए प्राप्त किये हैं क्रय केन्द्र प्रभारी प्रियम वदा सिंह ने बताया कि पूरी कोशिश रहेगी कि जो मुझे लक्ष्य दिया गया है वह पूरा करूं।

## सारंगनाथ में निकली भव्य कलश शोभायात्रा, 9 दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

संवाददाता वाराणसी। सारंगनाथ क्षेत्र में स्थित शक्तिपीठ पीठाधीश्वर धाम नीम करौली बाबा आश्रम के 5वें स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार सुबह भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा सारंगनाथ महादेव मंदिर से गाजे–बाजे के साथ प्रारंभ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री सनातन जागृति शक्तिपीठ के महंत आचार्य विद्या निवास के नेतृत्व में सुरेंद्र तिवारी, आशुतोष अग्रहरी, साधना, सौम्या, गुंजन शुक्ला, उषा जोशी, अनुराधा सिंह सहित दर्जनों महिलाओं ने सिर पर



पवित्र कलश धारण कर मंदिर की परिक्रमा की। इसके बाद शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए शक्तिपीठ पीठाधीश्वर धाम नीम करौली बाबा आश्रम पहुंचकर संपन्न हुई। आश्रम परिसर में विधि–विधान से कलश पूजन और आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महंत आचार्य विद्या निवास ने बताया कि 27 अप्रैल से प्रतिदिन शाम को 9 दिनों तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु धर्म लाभ प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में पार्षद अभय पांडेय, ओम अग्रहरी, विभा चौबे, प्रज्ञा शर्मा, सोनी पांडेय सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मेहनत और लक्ष्य से मिलती है सफलता : एसडीएम

संवाददाता लहरपुर, सीतापुर। यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्रा आशी मिश्रा को उप जिलाधिकारी लहरपुर एम. दामिनी दास द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि मन लगाकर पढ़ाई की जाए और लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत की जाए, तो सफलता के रास्ते स्वतः




खुलते चले जाते हैं। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी को अपने उद्देश्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरी लगन और ईमानदारी से अध्ययन करना चाहिए, जिससे वह अपने जीवन की मंजिल को हासिल कर सके। इस मौके पर तहसीलदार लहरपुर योगेश मिश्रा, कन्हैया तथा सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी भी उपस्थित रहे। मोहम्मद हसीन अंसारी ने बताया कि क्षेत्र में जल्द ही एक करियर काउंसलिंग मेले का आयोजन किया जाएगा, जिससे हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों को सही दिशा और मार्गदर्शन मिल सके।

# पं. दीनदयाल के आदर्शों व सिद्धांतों पर चलने का लें संकल्प : रामकेस

### – मंडल प्रशिक्षण वर्ग में मंत्री ने गिनायी केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियाँ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। भाजपा द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीन दयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम के तहत आज जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह



राजपूत की अध्यक्षता में मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आगोजित किया गया। जिसके प्रथम सत्र में मुक्ख अतिथि के रूप में मौजूद जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेस निषाद ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि जितना विकास कार्य वर्तमान सरकार द्वारा कराया गया है उतना पिछली विपक्षी सरकारी ने नहीं किया। बुंदेलखंड में केंद्र बेतवा लिंक परियोजना भी उन्ही की देन है इससे लाखो किसान जहाँ लाभान्वित होंगे वही पेयजल की समस्या भी दूर होगी। सरकारों ने गरीबो किसानो महिलाओ व असहाय लोगो के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाये चला कर उनको लाभान्वित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गुंडा माफियाओ का सफाया हो गया है जिससे अब बहन बेटिया रात में भी आ जा सकती है। भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य संतोष गुप्ता ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता को समय समय पर प्रशिक्षण देकर पार्टी की नीतियो व नई योजनाओ की जानकारी दी जाती है इसलिए सभी लोग प्रशिक्षण वर्ग में मनोयोग से वक्ताओं द्वारा बताए गए सिद्धांतों का पालन करें। प्रशिक्षण वर्ग में विधानसभा प्रत्यक्षी रहे अजय पटेल, व्यापार प्रपोस्ट के जिलाध्यक्ष शिव पूजन गुप्ता, जिला महामंत्री निखिल सक्सेना, ममता मिश्रा, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चौरसिया, आनंदी साहू, निर्मला गौतम, राजेश गुप्ता रज्जन, अमित सेंथ भोलू, सुधीर कुशवाहा , लखन कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# मवई गांव में हैंडपम्प पड़े खराब, लाखों की कागजी मरम्मत कर हुआ बंदरबांट

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिले में 45 डिग्री से अधिक तप रही भीषण गर्मी ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। कमासिन ब्लॉक की ग्राम पंचायत मवई में पेयजल संकट विकराल रूप धारण कर चुका है। पिछले 15 दिनों से सरकारी हैंडपम्प खराब पड़े हैं, जिससे ग्रामीण, राहगीर और श्रद्धालु बूंद–बूंद पानी को तरस रहे हैं। पंचायत भवन के ठीक सामने और कनका देवी मंदिर तथा जोगनी माता के पास सड़क किनारे के हैंडपम्प जर्जर हालत में है। प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु जल चढ़ाने आते हैं, भंडारे लगते हैं, यात्री प्रतीक्षालय में लोग रुकते हैं, लेकिन प्यासे ही लौट जाते हैं। वहीं पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बच्चे हैंडपम्प का गंदा पानी पीने को मजबूर है शिक्षक का कहना है बहुत दिनों से गंदा पानी निकल रहा है क्या करें बाहर से पानी लाना पडता है प्रधान से कई बार कहा गया लेकिन प्रधान को स्कूल की समस्याओं से कोई मतलब नहीं हैंडपम्प के लिए ग्रामीणों ने शिकायत भी की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है, प्रधान–सचिव की लापरवाही से लाखों रुपये मरम्मत के नाम पर बह गये, कागजों पर तो सब ठीक दिखता है, लेकिन हकीकत चिंताजनक है। मरम्मत व मजदूरी के नाम पर खर्च लाखों रुपये गम्भीर सवालों के घेरे में? नाम न छापने की शर्त पर एक ग्रामीण ने आरोप लगाते हुए बताया कि कागजों में लाखों रुपये की मरम्मत व मजदूरी दिखाई जा रही है। लेकिन कोई फायदा नहीं, जिसमें हैंडपम्प मरम्मत सामग्री के नाम पर 17 मार्च 2026 को 44,394 और 42,359, और 49,930 रुपये तथा 17 दिसम्बर 2025 को 90,000 और 13,000 और 70,000 तथा 3 नवम्बर 2025 को 56,000 और 40,100 रुपये तथा 6 अगस्त को 19,995 और 19,990 रुपये का भुगतान किया गया है इसी तरह इसके पहले भी भारी भरकम धनराशि का भुगतान हुआ लेकिन धरातल पर आज भी हैंडपम्प खराब पडे है, लोगों ने बताया कि जोगनी माता के पास का हैंडपम्प तो लगभग साल डेढ साल से खराब पडा है। अब प्रधान और पंचायत सचिव पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। क्या पंचायत भवन खुलता भी है? यदि अधिकारी आते हैं तो इस प्रमुख



स्थान पर खराब हैंडपम्प पर ध्यान क्यों नहीं? यदि वास्तविक धन खर्च हुआ तो हैंडपम्प क्यों खराब पडे है। अब ग्रामीणों ने तत्काल मरम्मत और जांच की मांग की है।

# गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करने की उठी मांग, भेजे ज्ञापन



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। गौ सम्मान आवाहन अभियान के तहत आज सदर तहसील पर गौ माता को राष्ट्र माता बनाने के लिए राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री, राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेजा गया। शहर के विभिन्न मार्गो से होकर भव्य शोभायात्रा का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत भारत के सभी साधु संतों के द्वारा किया गया है। इस अभियान के तहत बांदा जिले की पांचो तहसीलों पर ज्ञापन सोपा गया है जो कि बांदा कि तहसील पर हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर ज्ञापन दिया। महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि जय अभियान भारत के सभी तहसीलों पर आज ज्ञापन दिया गया है। गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए इस अभियान के तहत गौ माता के प्रति कड़े कानून बने जिससे लोग गोतस्करी करना बंद करें गौ हत्या बंद करें और गौ माता को संपूर्ण सुरक्षा मिले इन सभी मांगों को लेकर आज ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में लगभग हजारों की संख्या हम लोग उपस्थित रहे। इस मौके में भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत भाजपा वरिष्ठ नेता आयुष दास त्रिपाठी पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मातृशक्ति श्रीमती संतोष मिश्रा जिला उपाध्यक्ष अर्चना शुक्ला जिला उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता जिला उपाध्यक्ष आरती सिंह जिला मंत्री रीना कश्यप जिला उपाध्यक्ष मलती दीक्षित जिला मंत्री सोनम सिंह रोशनी प्रजापति आरती प्रजापति विनीता कौशल अधिवक्ता प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दीपक शुक्ला वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सभासद रामप्रसाद सोनी नेता भाजपा देवेश कुमार मोनू जिला प्रभारी सुरेश कान्हा जिला संयोजक महेश तिवारी जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार धुरिया जिला महामंत्री राकेश कुमार त्रिपाठी जिला कोषाध्यक्ष प्रेम गुप्ता जिला उपाध्यक्ष आलोक प्रजापति जिला उपाध्यक्ष राघवेंद्र द्विवेदी जिला उपाध्यक्ष मछंदर सिंह जिला मंत्री संतोष कसौधन जिला मंत्री रविंद्र सिंह जिला मंत्री राहुल सिंह जिला मंत्री शैलेंद्र सिंह जिला प्रवक्ता संजय ककोनिया जिला उपाध्यक्ष नवीन प्रकाश गुप्ता जिला उपाध्यक्ष मोंटू गुप्ता जिला अध्यक्ष खाटू श्याम सेवा मंडल वीरेंद्र गुप्ता व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश सराफ महामंत्री कमलेश गुप्ता नगर अध्यक्ष ऋषभ कुमार विश्वकर्मा नगर उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता नगर उपाध्यक्ष रामकरण पाल युवा नगर अध्यक्ष गौरव वर्मा सहदेव वर्मा जिला प्रचार मंत्री रजनीश प्रजापति ओम प्रकाश जड़िया सुमित सोनी शिवाम सोनी राजेंद्र साहू सौरभ संतोष सोनी गौरी शंकर राहुल साहू उपस्थित रहे।

# गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा देने की मांग

### – कचहरी में नगर मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन

### – गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध व केंद्रीय कानून बनाने की उठी आवाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। कचहरी परिसर में गौवंश को राष्ट्रीय सम्मान दिलाने की मांग को लेकर जोरदार आवाज उठी। इस दौरान विभिन्न माध्यमों से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, राज्यपाल और जिलाधिकारी के नाम नगर मजिस्ट्रेट को पांच अलग–अलग ज्ञापन सौंपे गए। अभियान



का उद्देश्य केंद्र व राज्य सरकारों से संविधान के दायरे में रहकर भारतीय देशी गोवंश को सर्वोच्च सम्मान दिलाने की मांग करना है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से देश में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौ माता को राष्ट्र माता, राष्ट्र देव या राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा देने की मांग की गई। साथ ही गौ सेवा के लिए सशक्त केंद्रीय कानून बनाने और अलग से केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय के गठन पर भी जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त गोचर बोर्ड की स्थापना, चारा सुरक्षा नीति लागू करने तथा गौ–आधारित .षि को बढ़ावा देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए, जिनमें शिवा ठाकुर, मयंक बिधौलिया, उर्मिला भदोरिया, आर्यन कुमार, आयुष सिंह, सूरज सिंह सूर्या, जितेंद्र गॉड, सूर्यांश शंकर दीक्षित, पुनीत पाठक, सूर्यांश दीक्षित और एडवोकेट विकास रावत सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# राजेन्द्र सिंह विश्राम गृह में होगा कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह

### – मातारानी के भंडारे में उमड़ेंगे श्रद्धालु

न्यूज वाणी ब्यूरो/फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा दुर्गा नगर हनुमान रोड बाजार समिति द्वारा एक रेस्टोरेंट में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें, जानकारी देते हुए समिति अध्यक्ष गोपाल शर्मा, महामंत्री अरविंद शर्मा, सह संयोजक संतोष गुप्ता, जतिन अग्रवाल ने बताया कि हनुमान रोड स्थित राजेन्द्र विश्राम गृह में व्यापारी सम्मेलन व सम्मान समारोह के साथ ही अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जिसमें, यशपाल यश, रोहत शर्मा, कलीम नूरी, निभा चौधरी, गौरांगी मिश्रा व अन्य जाने माने कवियों के साथ साथ पर्यटन एवं सांस्:तिक मंत्री उत्तर प्रदेश ठाकुर जयवीर सिंह, महापौर कामिनी राठौर, सदर विधायक मनीष असीजा, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर व अन्य जनप्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे। तथा, मातारानी के भंडारे का भी आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि, कार्यक्रम के दौरान महिला व्यापारियों का भी सम्मान किया जाएगा और राष्ट्रीय व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों द्वारा फिरोजाबाद जिला राष्ट्रीय व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से गोपाल शर्मा, प्रमोद गुप्ता, अरविंद शर्मा, मीडिया प्रभारी हिमांशु अग्रवाल, विशाल गुप्ता, श्यामसुंदर अग्रवाल,जतिन अग्रवाल, मनोज शर्मा, दिलीप मित्तल आदि लोग उपस्थिति रहे।

# मटौंध पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, गैंगस्टर गिरफ्तार

### - सात लाख के जेवरात सहित नगदी व तमंचा बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में 26/27 अप्रैल की रात्रि थाना मटौंध पुलिस द्वारा मकान का ताला तोड़कर आभूषण व नकद रुपए चोरी करने वाले गैंगस्टर अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया। गौरतलब हो कि थाना मटौंध क्षेत्र के दुरेडी के रहने वाले राजू पुत्र रामआसरे द्वारा 25 अप्रैल को थाना मटौंध पर सूचना दी गई कि रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके मकान का ताला तोड़कर उनके आभूषण व नकद रुपए चोरी कर लिये गए है। सूचना पर थाना मटौंध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त करते हुए अभियुक्त की पहचान व गिरतारी हेतु टीमों का गठन किया गया। घटना के सफल अनावरण के क्रम में भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों तथा अन्य तथ्यों के आधार पर पुलिस द्वारा अभियुक्त की पहचान करते हुए 26/27 अप्रैल की रात्रि को मुखबिर की सूचना गवाईन नाला के पास से गिरतार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी किए गए अनुमानित कीमत के करीब 07 लाख रुपए के आभूषण व नकद रुपए के साथ अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद हुए है। बता दें कि अभियुक्त थाना मटौंध क्षेत्र का एक शातिर गैंगस्टर एक्ट का अपराधी है जिस पर चोरी मारपीट आदि सहित पूर्व में कुल 08 मुकदमें दर्ज हैं। पकड़े गए अभियुक्त जागेन्द्र उर्फ गजोधर




पुत्र श्यामलाल निवासी मोहनपुरवा थाना मटौंध जनपद बांदा के विरुद्ध मु0अ0सं0–78/26 धारा 331(4), 305(), 317(4) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मटौंध में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली पुलिस टीम में दीपेन्द्र कुमार सिंह प्र0नि0 थाना मटौंध, आनन्द कुमार साहू चौकी प्रभारी भूरागढ, कां0 खेमराज कां0 ीरेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# नर्सिंग होम में उपचार के दौरान गर्भवती की मौत, परिजनों का हंगामा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नहटौर, बिजनौर। निजी नर्सिंग होम में उपचार के दौरान छह माह की गर्भवती महिला और उसके गर्भस्थ शिशु की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों ने चिकित्सकीय लापरवाही का आरोप लगाते हुए नर्सिंग होम के बाहर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, बागवान छापेग्रान निवासी भावना (23) की तबीयत शनिवार को अचानक बिगड़ गई थी। परिजन उसे उपचार के लिए विमला नर्सिंग होम ले गए, जहां उसे भर्ती कर लिया गया। आरोप है कि इलाज के दौरान उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ, बल्कि लगातार बिगड़ती चली गई। स्थिति गंभीर होने पर उसे देर शाम बिजनौर रेफर किया गया, लेकिन वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला और उसके गर्भस्थ शिशु दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और आक्रोशित परिजन शव को नर्सिंग होम के बाहर रखकर विरोध करने लगे। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच गए और नर्सिंग होम के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर मामला शांत कराया। मृतका के पति विपिन ने पुलिस को तहरीर देकर नर्सिंग होम संचालक डॉ. राजकुमार और उनकी पत्नी डॉ. लक्ष्मी पर गलत उपचार का आरोप लगाया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष आर्य ने बताया कि मामले की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है और जांच के बाद आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# डीआईजी के आदेश पर चलाया सघन बैंक चेकिंग अभियान




न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा राजेश एस. के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में सोमवार को जनपद में सघन बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान का उद्देश्य बैंकों, एटीएम एवं अन्य वित्तीय संस्थानों तथा उनके आसपास होने वाली आपराधिक घटनाओं जैसे लूट, छिनैती, चोरी एवं टप्पेबाजी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना। अभियान के तहत जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा बैंक शाखाओं, एटीएम एवं वित्तीय संस्थानों का सघन निरीक्षण किया गया। चेकिंग के दौरान सुरक्षा मानकों को चेक किया गया, जिसमें सीसीटीवी कैमरे, आपातकालीन अलार्म सिस्टम, अग्निशामक यंत्र, आपातकालीन निकास मार्ग आदि को जांचा गया। बैंक, एटीएम प्रबंधन को 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उन्हें आश्वस्त किया गया तथा सहयोग बनाए रखने की अपील की गई। साथ ही बैंक के सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि ग्राहकों के वाहन निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े कराए जाएं, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित न हो और वाहन चोरी जैसी घटनाओं को नियंत्रित की जा सके। इस दौरान बैंकों व एटीएम के आसपास संदिग्ध रूप से खड़े अथवा घूम रहे व्यक्तियों एवं वाहनों की भी जांच की गई। संदिग्ध पाए जाने पर उन्हें कड़ी चेतावनी भी दी गई।

# खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर, हेल्पर की मौत, चालक गंभीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

हल्दौर, बिजनौर। मुरादाबाद स्टेट हाईवे पर गांव धनौरी के समीप सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से आए दूसरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक हेल्पर सुखराम (55) की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि चालक सर्वेश कुमार (45) गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, लोहे से भरा ट्रक तेल खत्म होने के कारण सड़क किनारे खड़ा किया गया था। इसी बीच नूरपुर की ओर से आ रहे एक अन्य ट्रक ने खड़े वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चालक व हेल्पर फंस गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद प्रेशर मशीन और अन्य उपकरणों की सहायता से दोनों को केबिन से बाहर निकाला गया। इसके बाद उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने सुखराम को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल चालक का उपचार जारी है। हादसे के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर यातायात को डायवर्ट किया और स्थिति को नियंत्रित किया।

# मरौली बालू खदान खंड संख्या 04 में बंदूकों के साये में अवैध खनन का खेल

### - रात ढलते ही चीरा जा रहा नदी का सीना

न्यूज वाणी ब्यूरो/बांदा। जिले के मटौंध थाना क्षेत्र अंतर्गत मरौली गांव से निकली केन नदी में संचालित बालू खदान खण्ड संख्या 04 में इन दिनों खनन माफियाओं की चरागाह बन गयी है। मरौली के ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन की कथित मिलीभगत और सह के चलते रात के अंधेरे में बेखौफ होकर नदी का सीना चीरा जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र के कई गांवों में सूर्यास्त होते ही अवैध खनन का काला कारोबार परवान चढ़ने लगता है। सूत्रों का दावा है कि खनिज विभाग के अधिकारी और खनन माफियाओं के बीच सांठगांठ इस कदर गहरी है कि रक्षक ही अब भक्षक की भूमिका में नजर आ रहे हैं। चंद रुपयों के लालच में कानून के रखवाले माफियाओं के आगे नतमस्तक हैं, जिसके कारण बिना किसी डर के भारी भरकर पोकलैंड और जेसीबी मशीनें नदी की जलधारा में रात भर गरजती रहती हैं। भारी भरकम डंपरों की आवाजाही से न केवल राजस्व को भारी चपत लग रही है, बल्कि पर्यावरण और ग्रामीण सड़कों का भी बुरा हाल है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि बार–बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। क्या प्रशासन इन सफेदपोश माफियाओं



और बिकाऊ तंत्र पर लगाम कसेगा, या बुंदेलखंड की प्यास बुझाने वाली नदियां इसी तरह खनन माफियाओं की बंधक बनकर लुटती रहेगीं यह सबसे बड़ा सवाल रह गया है।

## हिंदू सुरक्षा सेवा संघ ने की गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग




न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के पदाधिकारियों ने आज एसडीएम कार्यालय में उप जिलाधिकारी से मुलाकात कर गौ माता के सम्मान में ज्ञापन सौंपा। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जिलाध्यक्ष शशांक कुमार दिक्षित के नेतृत्व में पदाधिकारी शांतिपूर्वक एसडीएम कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग की गई। इसके अलावा गौ संरक्षण से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष महेंद्र गुप्ता, आलोक द्विवेदी, जिला कोषाध्यक्ष निशांत, जिला मंत्री आंसू अवस्थी तथा हुसैनगंज विधानसभा प्रभारी अमन अग्रहरी मौजूद रहे।

## पातंजलि विद्या मंदिर का शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

### – बच्चों को मिठाई खिलाकर दी बधाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बोर्ड परीक्षा में पातंजलि विद्या मंदिर इंटर कालेज हरिहरगंज में कक्षा 10 व 12 के परीक्षार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इंटरमीडिएट में बहन सोनम, मानवी, प्रियंका,




सोनम, शिवानी व हर्ष, शुभांशु, ऋषभ, आर्यन, अंशु, शौर्य व हाईस्कूल में बहन जानवी, अनुष्का, मिष्ठी, रोशनी, शिवानी व भैया शैल यादव, हिमांशु, आदित्य आदि ने उत्.ष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्र–छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक आचार्य दुर्गादत्त शास्त्री ने माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया व बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सुरेश कुमार, संतोष कुमार, शिवमेव शुक्ला, ममता, रीना आदि उपस्थित रहे।

## डीएम व एसएसपी ने केंद्रीय कारागार का किया निरीक्षण

### – व्यवस्थाओं को परखा, दिए निर्देश



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, बैरकों की स्थिति, सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और तलाशी व्यवस्था का गहनता से अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने कारागार में निरुद्ध बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का भी परीक्षण किया। इस दौरान साफ–सफाई, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं और बंदियों के पुनर्वास से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस विभाग एवं जेल प्रशासन के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## हत्या के मामले में अभियुक्ता को आजीवन कारावास

न्यूज वाणी ब्यूरो




इटावा। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस और अभियोजन की प्रभावी पैरवी के चलते हत्या के एक मामले में अभियुक्ता को न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास एवं 20,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। थाना सैफई क्षेत्र के कुम्हावर गांव निवासी गजाधर ने अपने भाई राधेश्याम की हत्या के संबंध में वर्ष 2020 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर थाना सैफई में धारा 302/34 भादवि के तहत मुकदमा पंजी.त किया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलित कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस टीम, पैरोकार व मॉनिटरिंग सेल द्वारा सशक्त पैरवी की गई। इसके परिणामस्वरूप जिला एवं सत्र न्यायालय ने अभियुक्ता भारती देवी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया।

# नेशनल मीडिया प्रेस क्लब की टीम ने नवागंतुक डीएम से की शिष्टाचार भेंट

### - राष्ट्रीय संगठन मंत्री जागेश्वर फौजी व जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पहुंचा कलेक्ट्रेट

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में नवागंतुक जिलाधिकारी निधि




गुप्ता वत्स के आगमन के उपरांत शिष्टाचार भेंट का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में नेशनल मीडिया प्रेस क्लब की टीम द्वारा जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी से औपचारिक शिष्टाचार भेंट की गई। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय संगठन मंत्री जागेश्वर फौजी एवं जिलाध्यक्ष शाह आलम वारसी के नेतृत्व में संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचा, जहां जिलाधिकारी को पुष्पगुच्छ (बुकलेट) भेंट कर उनका गरिमापूर्ण स्वागत किया गया। कार्यक्रम पूरी तरह औपचारिक एवं शिष्टाचार आधारित रहा। इस दौरान जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों का अभिवादन स्वीकार करते हुए उनका परिचय प्राप्त किया। सभी का धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों में जिला संयोजक श्याम स्वरूप गुप्त, जिला महासचिव फुजैल खान, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद हारून, जिला प्रचार मंत्री नियाज अहमद, जिला सचिव फाजिल अंसारी, जिला मंत्री शिवकरन सिंह, सदर तहसील अध्यक्ष रामदेव गुप्ता एवं तहसील प्रचार मंत्री हुमैर अख्तर सहित अन्य सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान सादगी, अनुशासन और औपचारिकता का विशेष ध्यान रखा गया। यह शिष्टाचार भेंट पूर्णतः स्वागत, मुलाकात एवं परिचय तक सीमित रही, जिसमें संगठन की एकजुटता और गरिमा स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम का समापन सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

# सीएचसी विशेश्वरगंज में 19 किशोरियों को लगा एचपीवी का टीका

### - सर्वाइकल कैंसर से बचाव की दिशा में अहम कदम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर) से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरंतर जागरूकता और टीकाकरण अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज सीएचसी विशेश्वरगंज में एक विशेष पहल करते हुए 19 किशोरियों को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) का जीवनरक्षक टीका लगाया गया। स्वास्थ्य विभाग के इस कदम को क्षेत्र की किशोरियों और महिलाओं के सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक बड़ी और सकारात्मक पहल माना जा रहा है। आज चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत टीकाकरण के साथ–साथ अस्पताल परिसर में मौजूद महिलाओं और उनके अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, कारण और इसके बचाव के प्रति विस्तार से जागरूक किया गया। इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने और क्षेत्र में जागरूकता फैलाने में



बीपीएम ममता मिश्रा व बीसीपीएम धर्मेंद्र मिश्रा की विशेष भूमिका रही। उनके साथ–साथ चिकित्सकों, एएनएम, स्टाफ नर्स और आशा कार्यकर्ताओं ने भी लोगों को इस टीकाकरण अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सीएचसी विशेश्वरगंज के अधीक्षक डॉ. कुणाल मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाली एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन समय रहते एचपीवी का टीका लगवाने से इस बीमारी को काफी हद तक रोका जा सकता है। डॉ. मिश्रा ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी बेटियों के बेहतर और स्वस्थ भविष्य के लिए आगे आएं और किसी भी तरह की भ्रांतियों से दूर रहकर उन्हें यह टीका अवश्य लगवाएं। स्थानीय ग्रामीणों और लाभार्थियों के अभिभावकों ने सीएचसी अधीक्षक और स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना की है।

# प्रगणकों को बताई जनगणना की बारीकियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच, बाबागंज। नानपारा तहसील में जनगणना 2027 के



प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के लिए प्रगणकों और सुपरवाइजरों का तीसरे बैच का प्रथम दिवस सोमवार को नानपारा में शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना कार्य में लगे गणनाकर्मियों और सुपरवाइजरों को आधुनिक डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से डेटा संकलन की प्रक्रिया, मोबाइल ऐप के उपयोग तथा सटीक आंकड़ों के संकलन के बारे में विभिन्न जानकारी साझा की गई। प्रशिक्षक ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल और तकनीकी रूप से उन्नत होगी। नानपारा स्थिति श्री शंकर इंटर कॉलेज को प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है। प्रत्येक बैच में प्रतिदिन लगभग 50–50 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। तहसीलदार नानपारा शैलेश अवस्थी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों को घर–घर जाकर मकानों की सूची तैयार करने, परिवारों का विवरण दर्ज करने के साथ ऑनलाइन प्रणाली में डाटा अपलोड करने के तरीके सिखाए गए। साथ ही उन्हें यह भी निर्देश दिए गए कि जनगणना कार्य के दौरान आमजन से विनम्र व्यवहार रखें और गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रशिक्षण के माध्यम से प्रशासन का लक्ष्य है कि जनगणना 2027 का प्रथम चरण सुचारु और त्रुटिरहित तरीके से संपन्न कराया जा सके।

## एआईएमआईएम यूथ विंग की समीक्षा बैठक में चुनावों के लिए कसी कमर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। सीमावर्ती कस्बा रुपईडीहा में एआईएमआईएम यूथ विंग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की मजबूती और विस्तार पर रणनीति बनाई गई। प्रदेश महासचिव सलमान मलिक और प्रदेश सचिव डॉ. अनवारुल रहमान खान की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फिरोज बागवान और यूथ विंग जिलाध्यक्ष डॉ. कासिफ अंसारी ने की। सैयद वली के संचालन में चली इस बैठक में वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुँचाने और आगामी चुनावों में पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों को संगठन को धार देने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में महिला विंग की जिलाध्यक्ष खतीजा खातून समेत स्थानीय कार्यकर्ता और पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## सुरक्षित बचपन की ओर बढ़ते कदम, बाल संरक्षण समिति बैठक आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। देहात इंडिया के सहयोग से विकास खंड चित्तौरा अंतर्गत ग्राम डीहा में ग्राम स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का आयोजन ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में बताया गया कि प्रत्येक गाँव स्तर पर बच्चों की सुरक्षा के लिए ग्राम स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया है। यह पंचायत स्तर पर कार्य करने वाली एक समिति है, जिसके अध्यक्ष सरपंच होते हैं। इसका मुख्य काम गाँव में बाल विवाह, बाल श्रम और बच्चों के साथ होने वाले शोषण को रोकना है। यह समिति संकट में फंसे बच्चों की पहचान कर उन्हें सरकारी योजनाओं और सहायता से जोड़ती है। बैठक में समिति को विवाह और पलायन रजिस्टर के रखरखाव पर विशेष जोर दिया गया।देहात टीम द्वारा बताया गया कि यह रजिस्टर गाँव से बाहर जाने वाले परिवारों और बच्चों का रिकॉर्ड रखता है। इससे मानव तस्करी को रोकने में मदद मिलती है और विवाह रजिस्टर के माध्यम से बच्चों की सही उम्र की निगरानी की जा सकती है, जिससे बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर लगाम कसी जा सके। वही पर समिति द्वारा श्काम नहीं, शिक्षाश के नारे के साथ बाल मजदूरी को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया। बैठक में चर्चा के दौरान बताया गया कि यदि कोई बच्चा स्कूल जाने के बजाय मजदूरी कर रहा है, तो यह उसके मौलिक अधिकारों का हनन है। समिति का लक्ष्य होना चाहिए कि गाँव के हर बच्चे का स्कूल में नामांकन सुनिश्चित हो। शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे बच्चों को बाल श्रम के चक्र से बाहर निकाला जा सकता है। बैठक में मुनीजर प्रसाद ग्राम प्रधान, विश्वेश्वर सिंह अध्यापक, सुशीला, अनामिका, राधिका आंगनबाड़ी, आरती पंचायत सहायक, बाल संसद से सबीना प्रधानमंत्री, दीपिका शिक्षा मंत्री, एवं देहात टीम से अमरेश कुमार, देवेश तिवारी सहित अन्य हितधारक मौजूद रहे।

## नशे में धुत बाइक सवार ने दो मासूम बच्चियों को रौंदा, हालत गंभीर

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। थाना मोतीपुर क्षेत्र के मिहीपुरवा कस्बे में एक दर्दनाक सड़क हादसे में शादी समारोह में शामिल होने जा रही दो मासूम बच्चियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा उस समय हुआ जब नशे की हालत में बाइक चला रहे युवक ने दोनों बच्चियों को रौंद दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनन्या (6 वर्ष) व सोना (5 वर्ष) अपने परिजनों के साथ विवाह समारोह में जा रही थीं। इसी दौरान नशे में धुत बाइक चालक करन सोनी पुत्र अशोक कुमार सोनी, निवासी थाना दरगाह, जनपद बहराइच, ने तेज रतार बाइक (संख्या यूपी 40 बीएल 5105) से दोनों बच्चियों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बच्चियां बाइक के नीचे दब गईं। घटना के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों व स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चियों को बाइक के नीचे से निकाला और बाइक चालक को पकड़कर उसकी बाइक सहित थाना मोतीपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घायल बच्चियों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। दोनों बच्चियों का उपचार मेडिकल कॉलेज में जारी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया ने बताया कि घायल बालिका अनन्या के पिता सुनील कुमार की तहरीर पर मुकदमा पंजी.त कर लिया गया है। बाइक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है तथा मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। लोगों ने नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सूबेदार सिंह ने इटावा की ट्रैफिक व्यवस्था को दी नई दिशा

### - सख्ती भी संवेदनशीलता भी, सूबेदार सिंह की कार्यशैली बनी मिसाल

### - अनुभव और जनसेवा का असर, यातायात प्रबंधन में शहर बना उदाहरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद की यातायात व्यवस्था में आए व्यापक सुधार के पीछे यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह का अनुभवी और संतुलित नेतृत्व प्रमुख कारण माना जा रहा है। अपने लंबे कार्यकाल में कई जनपदों में यातायात प्रभारी के रूप में सेवाएं दे चुके सूबेदार सिंह जहां भी तैनात रहे, वहां उन्होंने न केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाया, बल्कि आमजन के बीच एक भरोसेमंद और प्रेरणादायक अधिकारी के रूप में पहचान बनाई। पूर्व में जिन जनपदों में उन्होंने कार्य किया, वहां की जनता आज भी उनकी कार्यशैली को सराहती है। लोग उन्हें केवल एक सख्त अधिकारी के रूप में नहीं, बल्कि मानवता और सहयोग की भावना से कार्य करने वाले अधिकारी के रूप में याद करते हैं। जरूरतमंदों की सहायता, सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित मदद और आमजन से संवाद उनकी कार्यशैली की विशेष पहचान रही है। इटावा में भी उनकी तैनाती के बाद यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। शहर के व्यस्त चौराहों पर जाम की समस्या में कमी आई है और यातायात अधिक व्यवस्थित हुआ है। उन्होंने सुनियोजित रणनीति के तहत नियमित चेकिंग अभियान, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और अवैध पार्किंग पर नियंत्रण जैसे ठोस कदम उठाए हैं। सूबेदार सिंह का मानना है कि केवल चालान काटना ही समाधान नहीं है, बल्कि लोगों को जागरूक करना भी उतना ही जरूरी है। इसी सोच के तहत उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाए। हेलमेट, सीट बेल्ट और ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर उन्होंने युवाओं और आम नागरिकों को प्रेरित किया, जिसका सकारात्मक असर भी देखने को मिल रहा है। उनकी कार्यशैली में सख्ती और संवेदनशीलता का संतुलन साफ झलकता है। नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई के साथ–साथ जरूरतमंदों के प्रति सहयोग का भाव उन्हें अन्य अधिकारियों से अलग बनाता है। त्योहारों और विशेष अवसरों पर उन्होंने बेहतर यातायात प्रबंधन कर यह साबित किया है कि सही नेतृत्व और समन्वय से किसी भी चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है। यातायात प्रभारी के रूप में सूबेदार सिंह ने यह सिद्ध किया है कि अनुशासन, अनुभव और मानवता के समन्वय से ही एक आदर्श यातायात व्यवस्था स्थापित की जा सकती है।



उनके कार्य न केवल इटावा बल्कि अन्य जनपदों के लिए भी एक प्रेरणा बनते जा रहे हैं।

# 30 मई तक आवेदन करें माटीकला कारीगर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला ग्रामोद्योग कार्यालय द्वारा जानकारी दी गई है कि प्रदेश सरकार ने माटीकला से जुड़े कारीगरों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से उ०प्र० माटीकला बोर्ड के माध्यम से टूल किट्स (पगमिल मशीन) वितरण योजना शुरू की है। शासनादेश के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए जनपद में 04 टूल किट्स वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक लाभार्थी का ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होना, मुख्यमंत्री माटी कला रोजगार योजना के अंतर्गत ऋण प्राप्त किया होना, परंपरागत कारीगर होना तथा तहसील द्वारा प्रमाणित सूची में नाम शामिल होना अनिवार्य है। माटीकला से जुड़े हस्तशिल्पी एवं कामगार दिनांक 30 मई 2026 तक जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 24ए एसडी फील्ड से संपर्क कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं और निर्धारित समयावधि में जमा कर सकते हैं।

# मिशन शक्ति के तहत बलरई क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना बलरई पुलिस द्वारा क्षेत्र में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें पुलिस टीम ने क्षेत्र की महिलाओं एवं आमजन को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। इसमें आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर



लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। इस दौरान साइबर अपराधों से बचाव को लेकर भी लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया के उपयोग में सावधानी बरतने की सलाह दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा और जनजागरूकता के लिए इस तरह के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे दादा चन्द्रभूषण सिंह की स्वाभाविक मृत्यु दिनांक 10.05.2020 को घर पर हो चुकी है। अज्ञानतावश दादा चन्द्रभूषण सिंह का मृत्यु पंजीकरण रजिस्ट्रर में नाम दर्ज नही करा सका था। दादा चन्द्रभूषण सिंह के मृत्य प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। मृत्य प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न होता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की होगी। रोहित सिंह पुत्र महावीर सिंह निवासी ग्रम व पसेस्ट मवईया विकास खण्ड असोथर तहसील व जिला फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राम शंकर साहू पुत्र जगतपाल साहू दुकान नंबर 4 प्लाट नंबर 195 शिव बिहार सी०एच०एस० सेक्टर. 21 कमांड पनवेल रायगढ़ महाराष्ट्र का निवासी हूं! मेरा जन्म 04.01.1976 को ग्राम गनेशपुर विकासखंड भिटौरा जिला फतेहपुर उत्तर प्रदेश में हुआ था। जानकारी के अभाव में जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवाया गया था। अब मुझे जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जिसे ग्राम पंचायत. गनेशपुर विकासखंड भिटौरा जिला फतेहपुर की तरफ से निर्गत किया जाना अति आवश्यक है। यदि किसी को कोई समस्या हो तो वह आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। राम शंकर साहू पुत्र जगतपाल साहू दुकान नंबर चार प्लाट नंबर 195 शिव बिहार सी०एच०एस० सेक्टर– 21 कमांड पनवेल रायगढ़ महाराष्ट्र।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# लोकतांत्रिक ढंग से विपक्ष को सबक सिखाएंगी माताएं बहनें : अजीत

## - महिला जन आक्रोश सम्मेलन में प्रभारी मंत्री ने लिया हिस्सा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा युवराज सिंह महाविद्यालय में महिला जन आक्रोश सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि केन्द्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा महिलाओं के स्वावलंबन को ध्यान में रखकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया। जिसका विपक्षी दलों द्वारा विरोध किया गया। जो महिला विरोधी विचारों को दर्शाता है।



उन्होने कहा कि आज देश विश्व में अपनी सकारात्मक भूमिका में है, किसी भी देश को आगे बढ़ाने में सभी को उनका हक मिलना चाहिए। आज आधी आबादी विपक्षियों की अधिनियम विरोध के काले कारनामों से आहत है। आने वाले समय में माताएं बहनें लोकतांत्रिक ढंग से विपक्ष को सबक सिखाने को लेकर आतुर हैं। कार्यक्रम में उपस्थित खागा विधायक .ष्णा पासवान ने कहा कि जब जब महिलाओं को कमतर आंकने की भूल जिसने भी की है उसे समय आने पर उसे मातृशक्ति द्वारा उचित जवाब दिया गया है। सम्मेलन में उपस्थित जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि हम विकसित भारत के संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहे हैं जिसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। विपक्षियों द्वारा जिस तरह से महिलाओं का अहित किया गया है। उसे हमारी मातायें बहनें बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगी। सम्मेलन में संयोजन जिला महामंत्री सुशीला मौर्या व टोली द्वारा किया गया, कार्यक्रम में विधायक जय कुमार जैकी, विधायक राजेंद्र पटेल, विक्रम सिंह, जयंती वर्मा, रेखा सरोज, सुनीता गुप्ता, ज्योति प्रवीण, अंजू त्रिपाठी, मंजू शुक्ला, विजय लक्ष्मी साहू, सुनिधि तिवारी, मनीषा गुप्ता, राधा साहू, वन्दना द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

# मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट आई विद्युत सखी

## - डीएम से रोजी-रोटी की समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रोजी–रोटी की समस्याओं को लेकर सोमवार को जिले की विद्युत सखी कलेक्ट्रेट आईं और प्रदर्शन किया तत्पश्चात जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या का समाधान किए जाने की मांग की। जिलाधिकारी को दिए गए पत्र में बताया कि वह घर–घर जाकर उपभोक्ताओं का बिल जमा कराती हैं। जिसमें 1999 रूपए तक बिल भुगतान करने पर 19 रूपए ग्रामीण का कमीशन व शहर का 11 रूपए कमीशन व दो हजार के ऊपर जमा कराने पर शहर का चालीस प्रतिशत कमीशन मिला था। एक गरीब महिला विद्युत सखी बनकर चहार दीवारी से बाहर निकलकर अपने मन में हौसला रखकर परिवार का बोझ उठाने के लिए सात–आठ घंटे कार्य कर रही हैं। बताया कि अब प्रीपेड मीटर हो जाने से नई आईडी लांच की गई है। उसमें सब विद्युत सखी बहन परेशान हैं। इसका कमीशन दस पैसा, बीस पैसा व 90 पैसा व



एक रूपया कर दिया गया है। नया ऐप सही तरीके से लांच नहीं है। जिससे विद्युत सखियां अत्यधिक परेशान हैं। मांग किया कि पुरानी आईडी की तरह ऐप दिया जाए। पुराना कमीशन लागू किया जाए। इस मौके पर किरन देवी, सीता सिंह, पूर्णिमा सिंह, निशा सिंह, निर्मला, अराधना, गीता देवी, संध्या, बीना आदि मौजूद रहीं।

# शहनाई, निकाह व सात फेरे, सामूहिक विवाह में छलके खुशी के आंसू

## - एक मंडप में गूंजी 184 शहनाइयां, श्रमिक बेटियों के हाथ पीले कर सरकार ने बांटी खुशियां

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। रानी चन्द्रप्रभा महाविद्यालय का प्रांगण सोमवार को उस समय खुशियों के रंग में सराबोर हो उठा, जब एक ही मंडप के नीचे करीब 184 बेटियों के हाथ पीले हुए और शहनाइयों की गूंज के बीच श्रमिक परिवारों की आंखें खुशी से छलक उठीं। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की कन्या विवाह सहायता योजना के तहत आयोजित इस भव्य सामूहिक विवाह समारोह में प्रयागराज मंडल के चार जिलों फतेहपुर, प्रयागराज, कौशाम्बी और प्रतापगढ़ से आए पंजी.त निर्माण श्रमिकों की पुत्रियों का विवाह धार्मिक रीति–रिवाजों के साथ संपन्न कराया। समारोह में हिंदू समाज की बेटियां वैदिक मंत्रोच्चार और सात फेरों के साथ विदा हुईं तो मुस्लिम समुदाय की बेटियों का निकाह काजी की मौजूदगी में संपन्न कराया गया। पूरे परिसर में कहीं मंगलगीत गूंज रहे थे तो कहीं दुआओं के साथ निकाह पढ़ाया जा रहा था।



एक साथ सजे दूल्हे–दुल्हन, रंग–बिरंगे मंडप और परिजनों के चेहरों पर तैरती संतुष्टि ने माहौल को भावुक बना दिया। सरकार की इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी पंजी.त श्रमिक के बैंक खाते में 85 हजार रुपये की सहायता धनराशि भेजी जाएगी, जिससे गरीब एवं मेहनतकश परिवारों को अपनी बेटियों के विवाह में आर्थिक संबल मिल सके। श्रमिक परिवारों ने कहा कि इतनी बड़ी जिम्मेदारी सरकार ने अपने कंधों पर लेकर उन्हें राहत दी है। समारोह में जनप्रतिनिधियों की भी गरिमामयी मौजूदगी रही। जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, विधायक .ष्णा पासवान, विधायक जय कुमार सिंह जैकी और विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल सहित अन्य अतिथियों ने नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद दिया और कहा कि सरकार श्रमिकों के कल्याण के लिए लगातार संवेदनशील योजनाएं चला रही है। उप श्रमायुक्त प्रयागराज क्षेत्र सुमित कुमार एवं सहायक श्रमायुक्त लालाराम ने सभी नवदम्पत्तियों और उनके परिजनों का स्वागत करते हुए आयोजन में सहयोग देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार जताया। प्रशासन की ओर से समारोह को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंच, पंडाल, भोजन, पेयजल, चिकित्सा, सुरक्षा और परिवहन की समुचित व्यवस्था के चलते पूरा आयोजन व्यवस्थित और गरिमामय ढंग से संपन्न हुआ। समापन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद देते हुए उनकी खुशहाल जिंदगी की कामना की।

# लाल-नीली बत्ती व हूटर बजाती सपा नेता आजम की थार सीज

## - वायरल वीडियो पर पुलिस की कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के बीते पच्चीस अप्रैल के जनपद दौरे के दौरान काफिले में शामिल सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आजम खान की थार पर लाल–नीली बत्ती और हूटर बजाने का वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। सोमवार को शहर कोतवाली पुलिस ने उक्त थार को सीज कर दिया। बताया जा रहा है कि पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के एक दिवसीय दौरे पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में काफिले के रूप में उनके साथ शहर के विभिन्न कार्यक्रम स्थलों तक पहुंचे थे। इसी कड़ी में सपा लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष मोहम्मद आजम खान भी अपनी काले रंग की थार से काफिले में शामिल रहे। काफिले के शहर भ्रमण के दौरान उनकी थार में लाल–नीली बत्ती लगी होने के साथ हूटर बजाया जा रहा था। किसी राहगीर ने इसका वीडियो अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया और इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने वाहन की पहचान शुरू की। जांच में सामने आया कि थार पर समाजवादी पार्टी का झंडा और स्टीकर भी लगा था। इसके बाद सोमवार को कोतवाली पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा तेज हो गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बिना अनुमति लाल–नीली बत्ती का प्रयोग और हूटर बजाना



मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन है। यातायात नियमों के विपरीत पाए जाने वाले वाहनों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। राजनीतिक काफिलों में नियमों की अनदेखी का यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद पुलिस की त्वरित कार्रवाई को लोग प्रशासन की सख्ती के रूप में देख रहे हैं। वहीं सीज वाहन सपा नेता के एक नजदीकी व्यक्ति के नाम दर्ज है।

# अरिका रिसॉर्ट का समाजसेवी ने किया उद्घाटन

## – जनपद के विकास में मील का पत्थर बनेगा रिज़ॉर्ट : अभय सिंह

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बांदा–सागर रोड स्थित तपस्वी नगर में नवनिर्मित अरिका रिसॉर्ट का उद्घाटन समाजसेवी अशोक तपस्वी एवं उनकी पत्नी मंजू सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक के तमाम दिग्गज नेता और शहर के गणमान्य नागरिक साक्षी बने। संचालक अशोक तपस्वी



ने बताया कि अरिका रिसॉर्ट को आधुनिक सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। ठहरने के लिए 16 शानदार एसी कमरे उपलब्ध हैं। शादी–विवाह, गोद भराई, बरीक्षा और अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के लिए एक बड़ा हॉल और बेहद खूबसूरत गार्डन बनाया गया है। गार्डन में बच्चों के खेलने के लिए विभिन्न प्रकार के झूले लगाए गए हैं। रिसॉर्ट बुक करने वाले आगंतुकों के लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टॉप से लाने–ले जाने की निरूशुल्क व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। जल्द ही यहाँ स्विमिंग पूल की सुविधा भी शुरू होने वाली है। उद्घाटन का यह अवसर परिवार के लिए तिहरी खुशियां लेकर आया। रिसॉर्ट के शुभारंभ के साथ ही अशोक तपस्वी व मंजू सिंह की वैवाहिक वर्षगांठ और उनकी सुपुत्री पांचवी तपस्वी का अन्नप्राशन संस्कार भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, पूर्व विधायक विक्रम सिंह, सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह चौहान, रिंकू तिवारी, प्रदीप गर्ग, कविता रस्तोगी व नरेंद्र सिंह रिकी जैसे सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने अशोक तपस्वी को इस नई उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं।

# अनियंत्रित बाइक डिवाइडर से टकराई, दो परीक्षार्थी घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा के समीप एनएच–2 में सोमवार की सुबह अनिंयत्रित होकर बाईक डिवाइडर से जा टकराई। जिसमें होमगार्ड की परीक्षा देने आ रहे परीक्षार्थी घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार प्रतापगढ जनपद के थाना जेठवार गांव हैदरपुर निवासी भूपेन्द्र कुमार का 25 वर्षीय पुत्र कशिश कुमार अपने साथी शिवम पुत्र शिवकुमार 26 वर्ष के साथ होमगार्ड की परीक्षा देने शहर आ रहे थे। बताते कि सुबह लगभग 6 बजे जैसे ही यह लोग थरियांव थाने के हसवा चौकी के समीप एनएच–2 में पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाईक डिवाईडर से जा टकरायी। जिसमें दोनो परीक्षार्थी घायल हो गये। सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# बेल्ट प्रमोशन टेस्ट में खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

## – युवा पीढ़ी को सशक्त बनाना हमारा मूल उद्देश्य : किशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा के दिशा निर्देशन पर बचपन प्ले स्कूल कलक्टरगंज में खिलाड़ियों के कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन किया गया। ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने बेल्ट प्रमोशन में भाग लेकर उत.



ष्ट प्रदर्शन किया। ताइक्वांडो खिलाड़ियों में सोनी सिंह लोधी, आयुष मौर्या, आरव, अर्णव मौर्या, दामिनी, आंशिक कपूर, आयुषी, रितिमा सिंह, आयुषी पटेल, कविष्का राज सिंह, यानष्वी तोमर ने येलो बेल्ट ईशान त्रिपाठी, सूर्यांश श्रीवास्तव, परिक्षा वर्मा ने ग्रीन बेल्ट ईशानी, आराध्या सिंह, .ष्णा गुप्ता, स्वास्तिक श्रीवास्तव ने ब्लू बेल्ट व अनुज साहू, प्राणिका वर्मा, दिव्या पाण्डेय ने रेड बेल्ट प्रमोशन प्राप्त किया। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने सभी दक्ष खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोई भी हुनर कभी व्यर्थ नहीं जाता। खेल का विकास व युवा पीढ़ी को सशक्त करना ही हमारा मूल उद्देश्य है। प्रतियोगिता का टेस्ट ताइक्वांडो प्रशिक्षक भारत वर्मा ने लिया। इस अवसर पर अनेक खिलाड़ियों के अभिभावक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक न्यूज वाणी में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
11 वर्षो से आपकी सेवा में तत्पर
फतेहपुर की मशहूर व पुरानी दुकान
जाफ़री चश्में वाले
थोक व फुटकर चश्में
39, नवीन मार्केट, पुराना R.T.O. आफिस
करुणा जीवन ज्योति नर्सिंग होम के सामने
(निकट पत्थर कटा चौराहा), फतेहपुर (उ.प्र.)
कानपुर के मशहूर डॉक्टर द्वारा आपरेशन की सुविधा।
नोट- डाक्टर का पर्चा लाने पर मात्र आधे घण्टे में चश्मा व 10 प्रतिशत की छूट सहित प्राप्त करें।
कान की मशीन मात्र 450/– में
कान्टेक्ट लेंस मात्र 350/– में
सम्पर्क सूत्र : 05180-228339, 9451548620
प्रो. नफीस अहमद जाफ़री
संपादक-राष्ट्रीय हिंदी दैनिक न्यूज वाणी

# सोते समय युवक को अज्ञात ने मारी गोली

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के गाँव में पत्नी बच्चों के साथ घर के आगे खपरैल के नीचे सो रहे तीस वर्षीय युवक को अज्ञात ने मारी गोली। आनन फानन परिजन निजी अस्पताल ले गए। जहां हालत गंभीर देख जिला अस्पताल ले गए जहां युवक का इलाज चल रहा है। जाफरगंज थाना क्षेत्र के धौरहरा गाँव निवासी मौजी लाल का 30 वर्षीय पुत्र गोविंद मुंबई मे रहकर मजदूरी करता था। बीते गुरुवार को घर आया था। रविवार को गोविंद गाँव के ही सेमरा डेरा में चौभा के यहाँ तिलक मे निमंत्रण खाकर शाम नौ बजे घर आकर लेट गया एक चारपाई मे गोबिंद एवं पांच वर्ष का बेटा धर्मेंद्र एवं ढाई वर्षीय बेटी अंकिता सोई थी। दूसरी चारपाई मे पत्नी मीरा एवं दो माह का बेटा अरबिंद सोया था पत्नी मीरा ने बताया कि एक बजे के लगभग गोली चलने की आवाज हुई घर मे अंधेरा होने की वजह से किसी को देख नही पायी। गोली की आवाज सुनकर देवर मुनीम एवं सास रामरती एवं मुहल्ले के लोग आये। आनन फांनन मे परिजन चार पहिया वाहन से निजी अस्पताल ले गए। जहां हालत गंभीर देख परिजन जिला अस्पताल ले गए। जहां इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार शुक्ला ने बताया कि परिजनों की ओर से कोई सूचना नही दी गयी है फिर भी मामले की जांच की जा रही है। आखिर गोली चलने की जानकारी परिजनों ने कोई सूचना पुलिस को क्यो नही दी। गाँव मे चर्चा है कि पत्नी का भांजे से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चर्चा है कि पूर्व में भांजे के साथ जा चुकी है।

# वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जहानाबाद थाना क्षेत्र में बीती देर रात कस्बे के मोहल्ला पोजेपुर में हाइवे मार्ग पार कर लघु शंका कर रहे 45 वर्षीय मजदूर की तेज रतार अज्ञात चौपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे स्वजन इलाज हेतु सीएचसी ले गये। जहानाबाद चिकित्सक ने अधेड़ को म्रत घोषित कर दिया दिवंगत के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम हेतु फतेहपुर भेजा है।

कस्बा जहानाबाद के मोहल्ला पोजेपुर निवासी, 45 वर्षीय छोटे उर्फ बंटोली सोनकर मजदूरी करके परिवार का जीविकोपार्जन करते हैं। छोटे की पत्नी का कई वर्षों पूर्व निधन हो गया था। रविवार की रात 11 बजे छोटे सोनकर घर से निकल कर हाइवे मार्ग पार कर लघु शंका कर रहे थे कि घाटमपुर की तरफ से चौडगरा की ओर जा रहे तेज रतार अनियंत्रित अज्ञात चारपहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार कर चालक गाड़ी भगा कर ले जाने में सफल हो गया। जिससे छोटे सोनकर गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी होते ही स्वजन उसे इलाज हेतु सीएचसी ले गये जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पिता की मौत पर पुत्र अखिलेश, मनीष शीबू व पुत्री पिंकी का रो–रोकर बेहाल है। दिवंगत के पुत्र मनीष की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचायत नामा भर कर पोस्ट मार्टम हेतु भेजा है। उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि दिवंगत के पुत्र मनीष की तहरीर पर अज्ञात चौपहिया वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# मेधा अलंकरण समारोह में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के पीरनपुर स्थित चन्द्रा बालिका इण्टर कॉलेज में सोमवार को मेधा अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र–छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए



सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश चन्द्र गुप्ता ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि निरंतर परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। हाईस्कूल के कला एवं विज्ञान वर्ग में अंशिका, अक्सा नाज़ और श्लोक हयारण ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। वहीं इंटरमीडिएट के कला एवं विज्ञान वर्ग में अरबिया नाज और समृद्धि गुप्ता ने शीर्ष स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम का संचालन आशा पाण्डेय एवं आयुष द्वारा किया गया। कैलाश चन्द्र बाजपेयी ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह में विद्यालय परिवार के सदस्य अंजू लता चौहान, छाया यादव, प्रियंका त्रिपाठी, हुस्नआरा, प्रेमशंकर तिवारी, राजेश कुमार, मोहनीश, अभिषेक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बाइकों भिड़ंत में युवक घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के अन्र्तगत सोमवार की सुबह बाइकों की भिडन्त में 21 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लमेहटा गांव निवासी रामनरायन का पुत्र भूपत बाइक से किरन सिंह डिग्री कालेज जा रहा था। बताते है कि जैसे ही वह कस्बा के समीप पहुंचा तभी सामने से आ रही बाइक से भिडन्त हो गयी। जिससे वह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुंलेस ने घायल को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

# महिला आरक्षण बिल को गिराकर विपक्ष ने महिलाओं के साथ की नाइंसाफी : अजीत

## - पत्रकारों के सवालों पर कन्नी काटते रहे प्रभारी मंत्री

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिले के प्रभारी मंत्री अजीत सिंह पाल ने केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए पिछले दिनों संसद में महिलाओं को सम्मान देने के लिए मोदी सरकार द्वारा लाए गए महिला आरक्षण बिल को गिराने के लिए विपक्ष को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि महिलाओं को सम्मान मिले। उधर तीन वर्ष पूर्व पारित महिला आरक्षण विधेयक को लागू न किए जाने पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों से प्रभारी मंत्री झुंझला गए। कुछ देर के लिए पत्रकारों और मंत्री के बीच हाट टाक होती रही। सोमवार को प्रभारी मंत्री ने अपने एक दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिए जाने के लिए संसद का विषेश सत्र बुलाया गया था लेकिन सपा, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों ने महिलाओं के सम्मान एवं हित वाले बिल को पारित नहीं होने दिया। विपक्ष के इस रूख ने साबित कर दिया कि वह महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका नहीं देना चाहती। यदि विपक्ष सकारात्मक रूख अपनाता



तो निश्चित तौर पर महिलाओं को अधिक सम्मान मिलता। उन्होने कहा कि केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार भी महिलाओं को आरक्षण दिए जाने के पक्ष में है। महिलाओं को सबसे ज्यादा सम्मान केन्द्र की मोदी सरकार में मिला है। उन्होने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के साथ–साथ मोदी ने 2047 में विकसित भारत का रोडमैप भी तैयार कर लिया है। उन्होने विपक्ष द्वारा महिलाओं के आरक्षण बिल में रोड़ा अटकाने की कड़े शब्दों में निंदा की। उधर पत्रकारों ने जब प्रभारी मंत्री से पूछा कि 19 सितंबर 2023 अर्थात तीन वर्ष पूर्व महिला आरक्षण बिल जब सदन में पास हो गया था तो इसे लागू न किए जाने के पीछे सरकार की मंशा में खोट दिखता है। इस पर मंत्री जी झल्ला उठे और पत्रकारों से ऐसे सवाल न करने की बात कही। मंत्री ने कहा कि इस बार के संसद सत्र में परसीमन के साथ–साथ महिलाओं की सीटें बढ़ाने की भी सरकार की मंशा थी, जिसे विपक्ष ने पूरा नहीं होने दिया। पत्रकार वार्ता के दौरान वह विपक्ष को ही कोसते रहे। पत्रकारों द्वारा एनसीआरबी के आंकड़ों के आधार पर प्रदेश में महिला उत्पीड़न व अपराध में बढ़ोत्तरी होने के मुद्दे पर मंत्री जवाब नही दे सके और यही कहते रहे कि एनसीआरबी के आंकड़ों में प्रदेश में अपराध व महिलाओं के उत्पीड़न में कमी आई है। इस पर पत्रकारों ने कहा कि मंत्री जी यदि आंकड़े गलत बताए जा रहे हैं तो गूगल पर आप देख सकते हैं। इतना ही नहीं पत्रकारों ने प्रेस क्लब/संकुल सूचना के नाम पर आवंटित जमीन पर भाजपा नेता द्वारा बैनामा कर निर्माण कार्य कराए जाने का भी मुद्दा उठाया। इस पर उपस्थित पत्रकारों ने एक स्वर से तत्काल पत्रकारों की जमीन को मुक्त कराने की मांग का समर्थन किया। इस पर मंत्री ने कहा कि वह इस मामले की जांच कराकर पत्रकारों के लिए आवंटित जमीन को वापस दिलाने का काम करेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह पप्पू, पूर्व मंत्री व विधायक जय कुमार सिंह जैकी, पूर्व मंत्री व विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, विधायक कृष्णा पासवान आदि मौजूद रहे।

# मंगेतर संग बाग गई युवती से अश्लीलता, दुष्कर्म का आरोप

## - 25 हजार का इनामिया बबलू ठाकुर फरार

## - लापरवाही पर कोतवाल लाइन हाजिर, फरार आरोपी के सियासी कनेक्शन चर्चा में

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र में मंगेतर के साथ निजी समय बिताने गई युवती के साथ अश्लील हरकत, दुष्कर्म के प्रयास और ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवती का अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी गई और मंगेतर से ऑनलाइन रुपये भी



ट्रांसफर कराए गए। पीड़िता ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि तीसरा आरोपी बबलू ठाकुर फरार है, जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। घटना के बाद पुलिस की कार्यशैली भी सवालों में आ गई है। पीड़िता की शिकायत पर समय से कार्रवाई न करने के आरोप में खागा कोतवाली प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया है। वहीं फरार आरोपी बबलू ठाकुर के सत्ताधारी दल से जुड़े होने की चर्चाओं ने मामले को और तूल दे दिया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह 24 अप्रैल की सुबह अपने मंगेतर के साथ बाइक से बुआ के घर जाने के लिए निकली थी। रास्ते में नौबस्ता चौराहे के पास नहर पुलिया किनारे दोनों कुछ देर रुके। इसी दौरान ललित नामक युवक वहां पहुंच गया और दोनों को देख मोबाइल से वीडियो बनाने लगा। कुछ ही देर में उसने अपने दो साथियों बबलू ठाकुर और युवराज को भी बुला लिया। आरोप है कि तीनों ने युवती और उसके मंगेतर को धमकाकर बाग की ओर ले गए, जहां युवती के साथ अश्लील हरकत की गई। विरोध करने पर मारपीट की गई और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर मंगेतर से ऑनलाइन 2500 रुपये ट्रांसफर कराए गए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इसी दौरान उसके साथ दुष्कर्म भी किया गया। युवती ने 25 अप्रैल को थाना खागा में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की, लेकिन स्थानीय स्तर पर तत्काल मुकदमा दर्ज न होने से मामला पुलिस अधीक्षक तक पहुंच गया। पुलिस अधीक्षक ने पूरे प्रकरण की जांच कराई तो प्रथम दृष्टया थाना स्तर पर गंभीर लापरवाही सामने आई। इसके बाद संबंधित प्रभारी निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया गया। साथ ही सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों युवराज और ललित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी गई। मामले का तीसरा और मुख्य वांछित आरोपी बबलू ठाकुर पुलिस की पकड़ से बाहर है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। सर्विलांस, एसओजी और स्थानीय पुलिस समेत कई टीमें संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

### सियासी तस्वीरों से गरमाया मामला

फरार आरोपी बबलू ठाकुर की सोशल मीडिया पर कई जनप्रतिनिधियों और भाजपा पदाधिकारियों के साथ तस्वीरें वायरल हो रही हैं। बताया जा रहा है कि वह भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पद से जुड़ा रहा है। ऐसे में विपक्षी दल भी इस मामले को लेकर हमलावर हो गए हैं। क्षेत्र में चर्चा है कि आरोपी की राजनीतिक पकड़ के कारण शुरुआती स्तर पर कार्रवाई सुस्त रही। हालांकि पुलिस अधिकारी इस पर खुलकर कुछ भी बोलने से बच रहे हैं।

### फरार आरोपी की जल्द होगी गिरफ्तारी : एसपी

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच में सामने आया कि युवती अपने मंगेतर के साथ बाग में थी, तभी आरोपियों ने वीडियो बनाने का प्रयास किया और जबरदस्ती की। दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। फरार आरोपी बबलू ठाकुर की गिरफ्तारी के लिए 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। थाना प्रभारी की लापरवाही पर उन्हें लाइन हाजिर किया गया है।

# कृषि आदान व्यापारियों ने पीएम को भेजा समस्याओं का ज्ञापन

## - अधिकारियों के शोषण पर रोक लगाने की मांग

## - बीस सूत्रीय मांगों के निस्तारण की लगाई गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। केंद्र एवं राज्य सरकार के अफसरों द्वारा कृषि आदान व्यापारियो का शोषण करने एवं समस्याओं का निस्तारण न किये जाने में विफल रहने पर एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन ने कलक्ट्रेट पहुँचकर ज़ोरदार प्रदर्शन कर अपनी आवाज़ बुलंद किया। जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन भेजकर समस्याओं के निस्तारण की मांग किया। सोमवार को एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन की जनपद इकाई के बैनर तले खाद बीज एवं कीटनाशक दवाइयों के लाइसेंसी विक्रताओं कृषि आदान व्यापारियो ने जिलाध्यक्ष अमित कुमार की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज़ोरदार नारेबाजी व प्रदर्शन कर समस्याओं पर अपनी आवाज़ बुलंद की। जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भेजकर समस्याओं के निस्तारण की मांग किया। पीएम को भेजे ज्ञापन में बताया कि उर्वरक निर्माता कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग को अपराध घोषित किया जाये। अनुदानिक उर्वरकों के साथ गैर अनुदानिक उत्पाद बेचने पर रोक लगाई जाये। डीलरों के अतिरिक्त खर्च को रोकने के लिए यूरिया जैसी खाद की डिलिवरी रेल हेड के स्थान पर डीलर के बिक्री केंद्र तक कंपनियों के द्वारा पहुँचाने की व्यवस्था किये जाने, मंहगाई को देखते हुए डीलरों का मार्जिन बढ़ाये जाने, ग्रामीण खुदरा विक्रताओं के लिए साथी पोर्टल को वैकल्पिक बनाये




जाने, खाद बीज एव कीटनाशक दवाइयों के सीलबंद पैकिंग में नमूना फेल होने पर विक्रेताओं को नही बल्कि कंपनियों को ज़िम्मेदार माना जाय, एक्पायरी कीटनाशक दवाइयों के स्टॉक को कंपनियों को वापस लेने का नियम अनिवार्य किया जाय, नई बीज अधिनियम में रिटेलर को प्रथम पक्ष बनाये जाने का नियम में बदलाव, दुकानदारों के विरुद्ध झूठी शिकायतो एव ब्लेक मेल आदि की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए जिला स्तरीय कमेटी बनाये जाने, उप संचालक कृषि द्वारा निलंबित लाइसेंस को 21 दिन में स्वतः बहाली का प्रावधान, हर वर्ष कंपनियों से प्रिंसिपल लाइसेंस लेने की अनिवार्यता समाप्त करने आदि की मांगे शामिल रही। इस मौके पर सुनील कुमार मिश्रा, स्वतंत्र परिहार, बीरेंद्र सिंह, राजकुमार मौर्या, दीपक मौर्या, शकुन्त पटेल, वसी अहमद, धर्मेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, बीरेंद्र मौर्या, कामता सिंह, सुशील मौर्या, समीर खान, अरुण मिश्रा, वारिस अली नीरज मौर्या आदि रहे।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा पर डीएम की पैनी नजर

## – सीसीटीवी से लेकर फायर सिलेंडर तक जांची व्यवस्थाएं

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आगामी निर्वाचन तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक बाह्य



सुरक्षा निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था की बारीकी से पड़ताल की। दोपहर करीब 12 बजे पहुंचे निरीक्षण के दौरान डीएम ने वेयरहाउस में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली को परखा। जांच में सभी कैमरे सक्रिय और सुचारु रूप से संचालित मिले। उन्होंने कंट्रोल प्वाइंट से निगरानी व्यवस्था की जानकारी ली और निर्देश दिए कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा ड्यूटी में तैनात कर्मियों की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि वेयरहाउस की चौबीसों घंटे निगरानी के लिए एक हेड कांस्टेबल व तीन कांस्टेबल तैनात हैं, जो तीन शिटों में सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। जिलाधिकारी ने ड्यूटी रजिस्टर भी देखा और सुरक्षा कर्मियों को पूरी मुस्तैदी के साथ डटे रहने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वेयरहाउस परिसर में लगाए गए फायर सिलेंडरों की वैधता एवं उपयोगिता की जांच भी कराई गई। सभी अग्निशमन उपकरण भारत निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप पाए गए। डीएम ने कहा कि ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और आयोग के दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के समय नोडल अधिकारी ईवीएम, उप निदेशक कृषि, वेयरहाउस इंचार्ज/उपजिलाधिकारी सदर तथा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# रेडक्रास चेयरमैन ने रमवां गांव में चलाया चिकनपॉक्स बचाव अभियान

## - बच्चों के बीच संक्रमण को कम करने की वितरित की दवा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रमवां गांव में चिकनपॉक्स फैलने की सूचना पर रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन डा. अनुराग श्रीवास्तव ने गांव पहुंचकर चिकनपॉक्स बचाव अभियान चलाया और ग्रामीणों को स्वच्छता की जानकारी देते हुए विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों के बीच चिकनपॉक्स बचाव की होम्योपैथिक दवा वितरित की।

रेडक्रास सोसाइटी के चेयरमैन एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डा. अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि प्राथमिक शिक्षक संघ हसवा के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह भदौरिया से जानकारी मिली कि रमवा गांव में चिकनपॉक्स फैला हुआ है। जिस पर रमवां गांव में अभियान चलाया गया। कहा कि हम सभी स्वच्छता को अपने जीवन में उतारकर बहुत सारी बीमारियों से बच सकते हैं। भोजन से पहले व शौच के बाद साबुन से अच्छी तरह से हाथ धुलने, हीटवेव से बचाव हेतु घर से बाहर निकलने मे सिर में टोपी या कपड़ा रखने, पानी व तरल पदार्थों को अधिक पीने, मसालेदार भोजन व बाजार के खुले खाद्य पदार्थो इत्यादि का सेवन न करने की सलाह दी। डॉ अनुराग ने प्राथमिक विद्यालय रमवां प्रथम के 210, प्राथमिक विद्यालय रमवां द्वितीय के 71, प्राथमिक विद्यालय कासिमपुर के 41 बच्चों को चिकनपॉक्स से बचाव व संक्रमण को कम करने में सहायक होम्योपैथिक औषधि का वितरण किया गया। प्राथमिक विद्यालय रमवां प्रथम के प्रधानाचार्य व अखंड प्रताप सिंह द्वारा डॉ अनुराग की मानवीय संवेदना हेतु भगवान श्रीराम की प्रतिमा व शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य धनपाल सिंह, निशात फातिमा, आरती सिंह, आजीवन सदस्य अखंड प्रताप सिंह व प्रमुख सहयोगी सुरेश कुमार श्रीवास्तव सदस्यता प्रमुख इंडियन रेडक्रास सोसाइटी उपस्थित रहे।

# समिति के सम्मेलन में दिव्यांगों की उठीं समस्याएं

न्यूज वाणी ब्यूरो2फतेहपुर। अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद दिव्यांग कल्याण समिति की ओर से रमवां गांव में सोमवार को एक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रमवां प्रधान जयराज सिंह वैश्य ने की। मुख्य अतिथि के रूप में समिति के प्रबंध



क जितेन्द्र कुमार मिश्रा ने की। सम्मेलन में सर्वप्रथम आए दिव्यांगों को माला पहनाकर प्रधान ने स्वागत किया। तत्पश्चात दिव्यांगों की प्रमुख समस्याओं को उठाया गया। जिसमें दिव्यांगों को महंगाई के अनुसार भरण–पोषण राशि पांच हजार रुपए की जाए, एक देश एक चुनाव में दिव्यांगों को भी आरक्षण दिया जाए, रमवां से राधानगर अंदौली पुलिया तक रोड बनाई जाए, रमवां से शहजादेपुर एक किलोमीटर तक नई रोड बनाई जाए, आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड शिक्षामित्र, पंचायत मित्र सभी में लक्ष्य के सापेक्ष पांच प्रतिशत आरक्षण प्रदान करें, आश्रितों को भी बराबर आरक्षण प्रदान किया जाए, दिव्यांगों को एक्ट 16 जैसे सुरक्षा कानून का प्रचार–प्रसार किया जाए, दिव्यांगों को कर व कर्ज से मुक्त बनाया जाए। इस मौके पर रामराज वर्मा, बलराम सिंह, भरत गोस्वामी, अमित सिंह, कल्लू मास्टर, राकेश कुमार विश्वकर्मा, रामराज वर्मा, रामबली विश्वकर्मा, शिवा दुबे, पुष्पेन्द्र कुमार, श्यामबाबू विश्वकर्मा, शैलेन्द्र कुमार विश्वकर्मा, मुकेश कुमार भी मौजूद रहे।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )